दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सिकंदर का नया गाना रिलीज.....

जिम और डाइट से हासिल होती है......

वर्ष : 11 अंक : 91 लखनऊ, 20 मार्च, गुरूवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## स्वागत है क्रू9, धरती ने तुम्हे याद किया

### सुनीता विलियम्स की वापसी पर पीएम मोदी का ट्वीट

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स को बधाई दी तथा बुच विल्मोर के साथ धरती पर कदम रखने पर उनका स्वागत किया। मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष अन्वेषण मानव क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में है, सुनीता विलियम्स ने अपने पूरे करियर में इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'क्रू 9' की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करने वाले सभी लोगों पर गर्व है। उन्होंने लिखा आपका स्वागत है, क्रू9 ! धरती ने आपको याद किया।

नरेन्द्र मोदी ने आगे कहा कि यह उनके धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रही है। सुनीता विलियम्स और क्रू9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का वास्तव में क्या मतलब है। विशाल अज्ञात के सामने उनका अडिग दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष अन्वेषण का मतलब है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस करना। सुनीता विलियम्स, एक अग्रणी और एक आइकन, ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उन सभी लोगों पर बहुत गर्व है जिन्होंने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने दिखाया है कि जब सटीकता जुनून से मिलती है और तकनीक दृढ़ता से मिलती है तो क्या होता है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी पर बुधवार को प्रसन्नता जताई और कहा कि उनकी सफलता अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े उत्साही लोगों के लिए प्रेरणा और मानवीय उपलब्धियों का प्रमाण है। नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स नौ महीने अंतरिक्ष में रहने के बाद बुधवार तड़के पृथ्वी पर लौट आए।

## सुनीता विलियम्स को भारत रत्न दिया जाना चाहिए : ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष में करीब नौ महीने बिताने के दौरान आई चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। बनर्जी ने विधानसभा में सुनीता विलियम्स और उनके बचाव दल को बधाई दी तथा अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर वापस लाने में उनके सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर अन्य दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर लौट आए हैं। ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा, पश्चिम बंगाल विधानसभा विलियम्स और एक अन्य अंतरिक्ष यात्री को बचाने वाली टीम को धन्यवाद देना चाहती है, जो कई महीनों से अंतरिक्ष में फंसे हुए थे। मैं उन्हें और सुनीता विलियम्स को बधाई देती हूं। मुझे लगता है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने राजस्व संग्रह लक्ष्य हासिल करने के लिए व्यापारियों से संवाद पर जोर दिया

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राज्य कर विभाग के कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों को व्यापारियों से संवाद के माध्यम से राजस्व संग्रह लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यवस्थित प्रयास करने का निर्देश दिया। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए टीम भावना के साथ काम करने पर जोर दिया। प्रदेश सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, आदित्यनाथ ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी)/ मूल्य वर्धित कर (वैट) संग्रह में राज्य की सतत वृद्धि पर प्रकाश डालते वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन मोड प्रयासों का आह्वान किया।

उन्होंन कहा कि राज्य में सबसे अधिक जीएसटी-पंजीकृत व्यापारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सक्रिय पंजीकृत व्यापारियों की संख्या 2023-24 में 17.2 लाख थी, जो 2024-25 में बढ़कर 19.9 लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने पंजीकरण आधार का विस्तार करने और व्यापारियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया।

आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि जीएसटी रिटर्न दाखिल करना हर व्यापारी का कर्तव्य है और रिटर्न दाखिल करने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में से एक है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापारियों को कर नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कर चोरी को रोकने के लिए अधिकारियों को क्षेत्र-विशिष्ट रणनीति बनाने और राजस्व प्रवर्तन के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) विकसित करने का निर्देश दिया। आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि व्यवस्थित प्रयास कर धोखाधड़ी को प्रभावी ढंग से रोकने में मदद मिल सकती है।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 26.c |
| न्यूनतम तापमान | 11.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| संसेक्स | 78,271.28 |
| निफटी | 23,696.30 |

## फरवरी में बिहार में ट्रेनों के एसी डिब्बों में तोड़फोड़ को लेकर 12 मामले दर्ज किये गए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सरकार ने बुधवार को संसद में बताया कि फरवरी में बिहार में ट्रेनों के एसी (वातानुकूलित) डिब्बों में तोड़फोड़ के संबंध में 12 मामले दर्ज किये गए और इन घटनाओं में भारतीय रेलवे को 1,49,817 रुपये का नुकसान पहुंचा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कांग्रेस सांसद एम. के. राघवन के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। वैष्णव ने कहा, फरवरी 2025 में, बिहार में ट्रेनों के एसी डिब्बों में तोड़फोड़ की घटनाओं के संबंध में 12 मामले दर्ज किये गए। इन घटनाओं में भारतीय रेलवे को 1,49,817 रुपये का नुकसान हुआ था। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए वैष्णव ने कहा कि पुलिस और लोक व्यवस्था राज्य के विषय हैं तथा राज्य सरकारें राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और जिला पुलिस जैसी अपनी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से रेलवे में अपराध की रोकथाम, मामले दर्ज करने और जांच करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेलवे की संपत्ति, यात्री क्षेत्र और यात्रियों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने तथा इससे जुड़े मामलों के लिए जीआरपी/जिला पुलिस के प्रयासों में सहायता करता है।

## सुनिश्चित करें कि नीदरलैंड की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, तकनीक उपलब्ध न कराएं : राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को नीदरलैंड के अपने समकक्ष रूबेन बर्केलमैन्स से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उनके देश की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, मंच या तकनीक उपलब्ध न कराएं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

दोनों नेताओं ने यहां हिंद-प्रशांत तथा कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित व्यापक विषयों पर चर्चा की। सिंह ने बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वे द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को और अधिक गहरा और उन्नत बनाने के लिए तत्पर हैं। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान सिंह ने पिछले कई दशकों से पाकिस्तान से उत्पन्न सीमापार आतंकवाद पर चिंता व्यक्त की, जिसके कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने बर्केलमैन्स से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि नीदरलैंड की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, मंच या प्रौद्योगिकी उपलब्ध न कराएं। सिंह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को मंच या प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराना क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए हानिकारक है। रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में बताया कि दोनों मंत्रियों ने पोत निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की, जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी में तालमेल को अधिकतम किया जा सके। सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नयी दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और गहरा करने और आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। हमारी चर्चा के क्षेत्रों में रक्षा, साइबर सुरक्षा, हिंद-प्रशांत और कृत्रिम बुद्धिमता जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां शामिल थीं। बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने रक्षा, सुरक्षा, सूचना आदान-प्रदान, हिंद-प्रशांत और नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों और संगठनों को जोड़ने के अलावा एआई और संबंधित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर भी चर्चा की।

### संक्षिप्त समाचार

## ओडिशा के गंजम जिले में दो समूहों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गंजम, ओडिशा के गंजम जिले में जादू-टोना करने के संदेह में दो समूहों के बीच मंगलवार को हुई झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि खारीपल्ली गांव में जादू-टोना करने के शक में यह झड़प हुई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान खादल बेहरा (70), उनके बेटे रत्नाकर बेहरा (35) और रमेश बेहरा (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में घायल हुए लोगों को पहले धारकोटे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उन्हें एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## नागपुर हिंसा : दंगाईयों की करतूत, महिला पुलिसकर्मियों से की छेड़छाड़

### अश्लील इशारे और कमेंट भी किए गए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में दर्ज एक एफआईआर में खुलासा हुआ है कि नागपुर में कुछ दिन पहले हुई सांप्रदायिक हिंसा के दौरान मौजूद दंगाइयों के एक समूह ने ड्यूटी पर तैनात एक महिला पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि दंगाइयों के समूह को इलाके में सांप्रदायिक तनाव भड़काने के उद्देश्य से भड़काऊ नारे लगाते हुए देखा गया था। एफआईआर में कुल 51 लोगों के नाम दर्ज किए गए हैं। घटनास्थल पर तैनात रैपिड कंट्रोल पुलिस (आरसीपी) दस्ते का हिस्सा अधिकारी ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दी। उसकी शिकायत के बाद, शामिल बदमाशों के खिलाफ एक औपचारिक मामला दर्ज किया गया।

छेड़छाड़ के आरोपों के अलावा, शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि आरोपियों ने मौके पर मौजूद अन्य महिला पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया। भीड़ ने कथित तौर पर अश्लील इशारे किए और भद्दी टिप्पणियां कीं, जिससे ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों को डराने की कोशिश की गई। सोमवार को मध्य नागपुर के चिटनिस पार्क, महल इलाके में हिंसा भड़क उठी, जब यह अफवाह फैली कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग कर रहे एक दक्षिणपंथी समूह के विरोध प्रदर्शन के दौरान एक समुदाय की पवित्र पुस्तक का अपमान किया गया है। स्थिति तेजी से बिगड़ गई क्योंकि पुलिस पर पथराव किया गया, जिसमें 34 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात हुई हिंसा में तीन जिला पुलिस आयुक्तों (डीसीपी) समेत 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पथराव और आगजनी के सिलसिले में अब तक करीब 50 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कुछ पदाधिकारियों के खिलाफ भी उनके विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि नागपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन शहर के कई संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू जारी है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात की, उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। धनखड़ को हृदय संबंधी समस्याओं के चलते नौ मार्च को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। उन्हें 12 मार्च को छुट्टी दे दी गई थी और पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई थी। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए उपराष्ट्रपति के आवास पर गईं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके आधिकारिक आवास पर मुर्मू का आना दिल को छू लेने वाला था और वह उनके अत्यंत आभारी हैं। उन्होंने कहा, मेरे स्वास्थ्य में सुधार होने के लिए उनकी चिंता और शुभकामनाएं वास्तव में ऊर्जा से भर देने वाली थीं।

## सरकार जल्द ही नई पथकर नीति की घोषणा करेगी, उपभोक्ताओं को उचित रियायत देगी : गडकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर पथकर (टोल शुल्क) के लिए एक नई नीति की घोषणा करेगी, जिसमें उपभोक्ताओं को उचित रियायत दी जाएगी। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि सरकार सड़क बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बहुत खर्च कर रही है और इसलिए पथकर आवश्यक है। गडकरी ने कहा, यह विभाग की नीति है कि जब आपको अच्छी सड़क चाहिए, तो आपको इसके लिए भुगतान करना होगा। असम के बारे में, उन्होंने कहा कि सरकार तीन लाख करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रही है। हम कई बड़ी सड़कें बना रहे हैं, चार लेन, छह लेन। मैं ब्रह्मपुत्र पर कई पुल बना रहा हूं। हम बाजार से धन जुटा रहे हैं। इसलिए पथकर के बिना, हम यह नहीं कर सकते। लेकिन फिर भी, हम बहुत विचारणीय हैं। हम केवल चार लेन पर पथकर वसूल रहे हैं, दो लेन पर नहीं। वर्ष 2008 के नियमों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग के एक ही खंड पर और एक ही दिशा में 60 किलोमीटर के भीतर टोल प्लाजा स्थापित नहीं किया जा सकता है। गडकरी ने कहा कुछ अपवाद हैं। इस सत्र को पूरा करने के बाद, हम पथकर के लिए एक नई नीति घोषित करने जा रहे हैं, जहाँ समस्या का समाधान किया जाएगा और हम उपभोक्ता को उचित रियायत देंगे। भारत में कुल पथकर संग्रह 2023-24 में 64,809.86 करोड़ रुपये तक पहुँच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। 2019-20 में संग्रह 27,503 करोड़ रुपये था।

## तेलंगाना सरकार ने पेश किया 3.05 लाख करोड़ रुपये का बजट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तेलंगाना सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए करीब 3.05 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने राज्य का बजट 2025-26 पेश किया उन्होंने कहा कि अगले दशक के लिए हमारा रणनीतिक रोडमैप मौजूदा 200 बिलियन डॉलर की राज्य अर्थव्यवस्था को पांच गुना बढ़ाकर एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की परिकल्पना करता है। बजट में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के लिए 40,232 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के लिए 17,169 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 11,405 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 3,591 करोड़ रुपये और महिला एवं बाल कल्याण विभाग के लिए 2,862 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि हम हैदराबाद को अंतरराष्ट्रीय मानकों के वैश्विक शहर में बदलने के लिए एक मास्टर प्लान विकसित कर रहे हैं, जिसमें तकनीकी उन्नति, परिवहन विस्तार, बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस विजन के एक हिस्से के रूप में, हमने हैदराबाद को प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिए मुसी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू किया है। मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना को आधुनिक तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास में अग्रणी बनाने के लिए, हमने 'मेगा मास्टर प्लान 2050' तैयार किया है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना बजट वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के लिए 24,439 करोड़ रुपये और शिक्षा के लिए 23,108 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है।

## रमजान में नमाज पढ़कर आ रहे रिटायर्ड पुलिस अफसर की हत्या

### फरवरी में ही वीडियो रिकॉर्ड कर जान का खतरा बताया था

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

तिरुनेलवेली, तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी जाकिर हुसैन द्वारा फरवरी 2025 में रिकॉर्ड किया गया एक वीडियो, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी जान को खतरा है, 18 मार्च को उनकी हत्या के बाद सामने आया है। जाकिर ने वीडियो में दावा किया मुझे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। करीब 20 से 30 लोग मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इनमें सबसे अहम नाम तौफीक का है। वह एक मुसलमान है जिसने नौ साल पहले पैसे कमाने के लिए धर्म बदला था। वह एक जमीन के टुकड़े के लिए ब्रोकर के तौर पर आया था और अब उसने उस जमीन की मालकिन से उसके पहले पति को तलाक देकर शादी कर ली है।

जाकिर ने दो पुलिस अधिकारियों, इंस्पेक्टर गोपालकृष्णन और सब-इंस्पेक्टर सेंथिल कुमार का भी नाम लिया और उन पर उसके खिलाफ धमकियों में शामिल होने और उसकी शिकायतों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। ह्जिन लोगों ने इस धमकी को बढ़ावा दिया और इस हत्या की धमकी में अहम भूमिका निभाई, वे तिरुनेलवेली टाउन इंस्पेक्टर गोपालकृष्णन और सब-इंस्पेक्टर सेंथिल कुमार हैं। वे मुख्य अधिकारी हैं जिन्होंने मेरी शिकायत को नजरअंदाज किया।

जाकिर की हत्या 18 मार्च को सुबह-सुबह उस समय की गई, जब वह नमाज पढ़कर मस्जिद से लौट रहा था। कथित तौर पर तौफीक और उसके दो साथियों ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इसे उनके परिवारों के बीच लंबे समय से चल रहा एक नागरिक विवाद बताया। कथित तौर पर यह विवाद जाकिर की संपत्ति के बगल में एक जमीन के टुकड़े को लेकर हुआ, जो तौफीक की पत्नी का था। जाकिर ने कथित तौर पर जमीन पर अतिक्रमण किया था और दावा किया था कि यह वक्फ की संपत्ति है, जबकि तौफीक के परिवार ने जोर देकर कहा कि यह उसकी सास की ओर से एक निजी उपहार है। विवाद बढ़ता गया और कथित तौर पर जाकिर की हत्या कर दी गई।

## संक्षेप

### जमीन के लिए दरिंदा बना पति, पत्नी को मेला दिखाने ले गया; दोस्त संग मिलकर दी दर्दनाक मौत

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। समेसी के कंचनखेड़ा गांव के तिलकराम ने अपनी पत्नी मालती की हत्या अवैध सम्बन्धों के शक में की थी। हत्या को हादसा साबित करने के लिए आरोपी ने पूरी कहानी दुर्घटना की रची थी, लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद जब पुलिस का शक हत्या की तरफ बढ़ा और आरोपी तथा उसके साथी राजेश प्रजापति से पूछताछ की तो मामला खुल गया। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि बीते रविवार को नगराम के कंचनखेड़ा गांव निवासी तिलकराम अपनी पत्नी मालती देवी को कुबाहरा गांव में मेला दिखाने की बात कहकर ले गया था। रास्ते में अपने दोस्त राजेश प्रजापति से बाइक बदली और उसकी स्कूटी पर तीनो लोग सवार होकर मेला देखने निकल गए।

### यूपी में फिर चली तबादला एक्सप्रेस, 20 और आईपीएस अधिकारियों का हुआ फेरबदल

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। शासन ने एक आइजी समेत 20 और आइपीएस अधिकारियों का कार्यक्षेत्र बदला है। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात रहे विपिन कुमार मिश्रा को आइजी अभिसूचना मुख्यालय के पद पर तैनाती दी गई है। डीआइजी एसएसएफ हेमंत कुटियाल को डीआइजी जेल का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। उनके पास पूर्व में भी डीजी जेल का अतिरिक्त प्रभार था। जबकि दो अन्य एसपी के एक दिन पूर्व किए गए स्थानान्तरण को रद कर नई तैनाती दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट में तैनात छह सहायक पुलिस उपायुक्त को उसी कमिश्नरेट में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सात जिलों में सहायक पुलिस अधीक्षकों को अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है।

### यूपी के दो जिलों में बनेंगे हेरिटेज होटल

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। विरासत पर्यटन के तहत झांसी के बरुआसागर किला को हेरिटेज होटल और कानपुर देहात के ऐतिहासिक शुक्ल तालाब के निकट बारादरी को हेरिटेज होटल-वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र और रेडवुड होल्डिंग एंड रियलिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड बेंगलुरु व नीमराना होटल्स प्राइवेट लिमिटेड राजस्थान के प्रतिनिधियों के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) माडल पर नीमराना होटल्स द्वारा बरुआसागर किला और रेडवुड होल्डिंग द्वारा शुक्ल तालाब के नजदीक बारादरी को विकसित किया जाएगा। परियोजना में 25 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाएगा। नीमराना होटल्स द्वारा राजस्थान के नीमराना फोर्ट पैलेस सहित ऐसी 31 संपत्तियों और रेडवुड होल्डिंग द्वारा पीलीभीत हाउस हरिद्वार सहित कई संपत्तियों का संचालन किया जा रहा है।

# बिहारवालों को रिझाने के लिए भाजपा का यूपी में मास्टरस्ट्रोक, 6 जिलों की लिस्ट तैयार

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा 22 मार्च को उत्तर प्रदेश में बिहार दिवस मनाने जा रही है। इसके लिए उन छह जिलों को चुना गया है जहां बिहार के लोग अधिक संख्या में रहते हैं।

यह आयोजन राजधानी लखनऊ के अलावा वाराणसी, गोरखपुर, कुशीनगर, गौतम बुद्ध नगर व गाजियाबाद में होगा। "स्नेह मिलन" नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार के पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे। बिहार के ही कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। एनडीए सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई जाएंगी।

"एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत होने वाले "स्नेह मिलन" कार्यक्रम में बिहार के प्रदेश में रह रहे लोगों को बुलाया जाएगा। इस आयोजन को भव्य बनाकर बिहार के मतदाताओं को रिझाने की कोशिश की जाएगी। इसमें प्रवासी बिहारियों के लिए सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए भाजपा बिहार के प्रवासी मतदाताओं तक अपनी पहुंच बनाने की कोशिश करेगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, बिहार के भाजपा नेता व प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए भाजपा ने प्रदेश स्तर पर एमएलसी एवं प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश को संयोजक बनाया है। इसमें एमएलसी धर्मेन्द्र व प्रदेश मंत्री मीना चौबे को सह संयोजक बनाया गया है। जिन छह जिलों में कार्यक्रम होना है वहां भी एक संयोजक व दो सह संयोजक बनाए गए हैं।

गाजियाबाद में आयोजित "स्नेह मिलन" कार्यक्रम में सांसद राधा मोहन सिंह व प्रेम रंजन पटेल, नोएडा में बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल व पूर्व विधायक शैलेन्द्र मिश्रभ शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी समय लखनऊ या गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम के लिए मांगा जा रहा है।

"स्नेह मिलन" कार्यक्रम में लिट्टी चोखा, दही चूरा जैसे बिहार के पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे। भाजपा की यह कोशिश है कि बिहार के प्रवासियों के सामने उनके राज्य के व्यंजन, उनकी संस्कृति व उनके अपने लोगों के बीच वे अपनापन महसूस करें। प्रत्येक कार्यक्रम में 500 से एक हजार लोगों को बुलाने की योजना है।

#### प्रबुद्धजन के घर चाय व भोजन पर भी जाएंगे भाजपाई

स्नेह मिलन कार्यक्रम के बाद अगले दो-तीन दिन भाजपा के नेता बिहार के प्रदेश में रह रहे प्रबुद्धजन के घर चाय या भोजन पर भी जाएंगे। इसके अलावा ऐसे स्थानों को चुना जा रहा है जहां पर छोटी-छोटी बैठकें आयोजित की जा सकें। इस दौरान पार्टी बिहार की एनडीए सरकार व केंद्र की एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाई जाएंगी।

# कॉलेज में छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट किए गए वितरित

## कार्यक्रम में पूर्व विधायक उदय राज और श्याम किशोर यादव मुख्य अतिथि के तौर पर रहे मौजूद

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के हीरालाल यादव कॉलेज ऑफ फामेर्सी और कृषि कॉलेज में बुधवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उदय राज और श्याम किशोर यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।। हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन राम सिंह यादव व प्रबंध निदेशक इं. अनुराग के साथ विभिन्न संस्थानों की प्राचार्या डॉ. अनामिका श्रीवास्तव और डॉ. चित्रा त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राम सिंह यादव ने कहा कि डिजिटल उपकरण आधुनिक शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा हैं। उन्होंने इस पहल को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। यह योजना युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। छात्रों ने इस पहल के लिए सरकार और कॉलेज प्रशासन का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ये उपकरण उनकी पढ़ाई और करियर निर्माण में मददगार साबित होंगे। इससे डिजिटल माध्यम से नई जानकारी तक उनकी पहुंच आसान होगी। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों ने ऐसी योजनाओं को जारी रखने का संकल्प लिया। उनका मानना है कि इससे उत्तर प्रदेश डिजिटल रूप से एक सशक्त राज्य बनेगा।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर बुजुर्ग महिला यात्री की अचानक हालत बिगड़ने से हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम एक बुजुर्ग महिला यात्री की अचानक हालत बिगड़ गई। वह इंडिगो फ्लाइट से यात्रा करने जा रही थी। गंभीर हालत में उसे लोकबन्धु हॉस्पिटल पहुंचाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने वहाँ पहुँचते ही उसे मृत घोषित कर दिया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक कर्नाटक प्रांत के सदाशिवैया रोड, महादेश्वर नगर, हेरोलहल्ली, नॉर्थ बेंगलुरु, विश्वनीदम निवासी केमपन्ना की पत्नी मंगलम्मा (72) मंगलवार शाम लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंची उन्हें देर शाम 7:50 बजे लखनऊ से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6354) से यात्रा बंगलूरु जाना था। वह एयरपोर्ट बिल्डिंग में बोर्डिंग को लेकर चेक इन के लिए यात्रियों की लाइन में खड़ी थी। तभी मंगलम्मा की अचानक तबियत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। एयरपोर्ट प्रशासन को जानकारी हुई तो मेडिकल टीम बुलाकर उसकी जांच कराने के साथ ही एंबुलेंस से उसे लोकबन्धु हॉस्पिटल पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने शाम करीब 7:30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस उसकी मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। साथ ही एयरपोर्ट प्रशासन और पुलिस टीम एयरपोर्ट बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जाँच कर रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और मेडिकल रिपोर्ट से उसकी मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# बनारस से इंटरव्यू देकर लौटी महिला की हत्या



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। ऑटो ड्राइवर ने आलमबाग बस स्टॉप से महिला को बैठाया और फिर उसका अपहरण कर हत्या कर दी। आशंका है कि महिला को दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या की गई। महिला कमता जाने के लिए ऑटो में बैठी थी। भाई की सूचना पर पुलिस ने महिला का शव आम के बाग से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही अज्ञात ऑटो ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश में तीन टीमें गठित की गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है।

रात डेढ़ बजे बस अड्डे पर उतरी थी महिला अयोध्या जिले की रहने वाली 35 वर्षीय महिला रविवार को एक कंपनी में नौकरी के लिए इंटरव्यू देने वाराणसी गई थी। मंगलवार की शाम रोडवेज बस पर सवार होकर रात करीब 1.30 बजे वह आलमबाग बस अड्डे पहुंची और कमता जाने के लिए बस का इंतजार करने लगी। काफी देर बस नहीं मिली तो वह ऑटो पर सवार होकर कमता जाने के लिए निकली। भाई को फोन कर उसने बताया कि आधे घंटे में कमता पहुंच जाएगी।

देर होने पर भाई ने दोबारा फोन किया इस पर बहन ने जानकारी दी कि अभी उसे आधा घंटा और लगेगा। कारण पूछने पर ऑटो चालक ने मेट्रो निर्माण कार्य के चलते डायवर्जन की बात कही।

#### 2.30 बजे भाई को अपनी लोकेशन दी

भाई ने उससे लोकेशन मांगी। रात 2.30 बजे लोकेशन देखने पर भाई को पता चला की ऑटो चालक उसे मलिहाबाद लेकर जा रहा है। भाई ने फोन कर कहा कि ऑटो चालक उसे गलत दिशा में लेकर जा रहा है। इसके तुरंत बाद महिला का फोन बंद हो गया। अनहोनी की आशंका जताते हुए मृतका के भाई ने तत्काल 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मलिहाबाद और आलमबाग पुलिस ने लोकेशन और सर्विलांस के आधार पर महिला की तलाश शुरू की तो उसकी लोकेशन मलिहाबाद के मोहम्मद नगर के पास वाजिदबनगर के पास

#### चीख सुनी, फिर बंद हो गया फोन

मृतका के भाई ने बताया कि उसने जैसे ही बहन से कहा कि ऑटो चालक गलत दिशा में ले जा रहा है, वैसे ही उसे एक जोरदार चीख सुनाई दी। इसके बाद बहन का फोन बंद हो गया और कोई संपर्क नहीं हो सका। भाई का कहना है कि गला दबाकर बहन की हत्या की गई। उसके पास मौजूद गहने और नकदी भी गायब हैं।

#### पुलिस के पहुंचने से पहले मौत

बुधवार तड़के सुबह करीब तीन बजे पुलिस घटनास्थल (आम का बाग) पर पहुंची तो महिला पड़ी मिली। उसे तत्काल ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मलिहाबाद इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया कि महिला के भाई की तहरीर पर अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन टीमें बनाकर कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

#### आलमबाग बस अड्डे पर सीसी कैमरे में दिखी महिला

जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि महिला आलमबाग बस अड्डे पर बस से उतरी थी। इसकी फुटेज एक सीसी कैमरे में कैद हुई है। बस अड्डे से घटनास्थल के बीच लगे कुछ कैमरों में ऑटो भी दिखा है। पुलिस सीसी फुटेज और सर्विलांस के आधार पर तलाश कर रही है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने सीन भी रिक्रिएट किया।

# श्री मदभागवत कथा का आयोजन

## भव्य कलशशोभा यात्रा, उमड़ा आस्था का सैलाब.......

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। हनुमान पुरी के गली नंबर 4 राजा विहार कॉलोनी में सात दिवसीय भागवत कथा का पांच मंदिरों के आशीर्वाद के साथ कलश यात्रा निकालकर पीले रंग के परिधान में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा।

पूज्य महाराज शिवदीप शास्त्री कथा वाचक के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का अनुसरण जनमानस ने प्राप्त किया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन अनिल कुमार तिवारी व सपना तिवारी ने किया। जिसका आयोजन मुख्यतः उनके बुजुर्ग माता-पिता रामकुमार तिवारी तथा शकुंतला तिवारी को पुण्य लाभ हेतु कथा सुनाने के प्रयोजन से किया गया।

व्यास जी महाराज शिवदीप शास्त्री ने बताया की वैष्णो दर्शन को समर्पितभागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद्भागवतम्‌ या भागवतम्‌ भी कहते हैं। इसका मुख्य वर्ण्य विषय भक्ति योग है, जिसमें कृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है उनके जीवन पर्यंत की विभिन्न लीलाओं को श्रवण व झांकी के माध्यम से दशार्या जाता है। शब्दों के माध्यम से श्री विग्रह का दर्शन की श्रीमद् भागवत कथा के द्वारा किया जाता है। शब्द विग्रह के माध्यम से शुरू विग्रह के दर्शन। इसके अतिरिक्त इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरुपण भी किया गया है। परंपरागत तौर पर इस पुराण के रचयिता वेद व्यास को माना जाता है। कथा सुनने वाले को आज भी व्यास जी के नाम से ही संबोधित किया जाता है और उसे आसान को व्यास पीठ। श्रीमद्भागवत भक्तिरस तथा अध्यात्मज्ञान का समन्वय उपस्थित करता है। कहते हैं सात दिनों में जो भी भक्त कथा का श्रवण करता है उसे भगवान कृष्ण का आशीर्वाद भवसागर से पार होने का आधार मिलता है। ग्रस्त जीवन में भवसागर से निवृत्ति के मार्ग क्यों ले जाती श्री विग्रह।

क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने इस आयोजन में अपना योगदान कलश स्थापित कर दिया। कथा का प्रारंभ 19 मार्च से होकर 25 मार्च को समापन 26 मार्च को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

व्यास जी ने सभी को बताया जीवन के अनेक जन्मों के पुण्य जागृत होते है तो कथा श्रवणव आयोजन सुलभ होता है। ईश्वर की विशेष अनुकंपा से ही यह अवसर मनुष्य के जीवन में सुलभ हो पाता है। मनुष्य को आत्मिक और भौतिक जगत के पापों से मुक्ति मिलती है। इसीलिए दर्शन से अधिक महत्व सत्संग का बताया गया है।

#### स्वयं भागवत में कहा गया है–

सर्ववेदान्तसारं हि श्रीभागवतमिष्यते।
तद्रसामृततृप्तस्य नान्यत्र स्याद्रतिः क्वचित ॥

श्रीमद्भाग्वतम्‌ सर्व वेदान्त का सार है। उस रसामृत के पान से जो तृप्त हो गया है, उसे किसी अन्य जगह पर कोई रति नहीं हो सकती। अपने बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ सभी को अपने जीवन में एक बार श्री मद भागवत महापुराण की कथा को जरूर करना व सुनना चाहिए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में खेतों में खड़ी अरहर की फसल में लगी आग

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में बुधवार दोपहर बाद संदिग्ध परिस्थितियों में खेतों में खड़ी अरहर की फसल में आग लग गई। सूचना पाकर पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने आनन फानन आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक छह किसानों की करीब साढ़े 6 बीघा खड़ी अरहर की फसल जलकर राख हो गई। बिजनौर थाना क्षेत्र के रहीमाबाद निवासी सत्यनारायण, मुन्ना, होरीलाल, बेचा लाल, ननकू और हरिशंकर के खेत सरोजनी नगर क्षेत्र में एयरपोर्ट बाउंड्री वाल के किनारे अगल बगल हैं। हालाकि इन खेतों को एयरपोर्ट प्रशासन ने बीते दिनों अधिग्रहीत कर लिया है। लेकिन खेतों में इन किसानों की अरहर की फसल खड़ी है। बताते हैं कि बुधवार दोपहर बाद करीब 2 बजे खेतों में अचानक आग लगने से तेज लपटें उठने लगी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना के बाद जब तक दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचती तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। बाद में सरोजनी नगर फायर स्टेशन से एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के निर्देश पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों के जरिए दमकल टीम ने कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक सत्यनारायण के खेत में खड़ी करीब डेढ़ बीघा अरहर की फसल, मुन्ना के खेत में 10 बिस्वा, होरीलाल के खेत में 10 बिस्वा, बेचालाल के खेत में एक बीघा, ननकू के खेत में दो बीघा और हरिशंकर के खेत में खड़ी एक बीघा अरहर की फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा आसपास खड़ी झाड़ियां भी आग की चपेट में जाकर जल गई। फिलहाल यहां आग कैसे लगी, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# ब्लॉक स्तरीय कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ। विकासखंड में बुधवार दोपहर बाद कृषि विभाग द्वारा मिलेट्स पुनरुद्धार योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मानवेन्द्र सिंह ने श्री अन्न (मोटे अनाज) के महत्व एवं उसमें मौजूद सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कुटकी आदि मिलेट्स की खेती के वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रगतिशील किसान गिरजा शंकर मौर्या ने जलवायु परिवर्तन और मोटे अनाजों की खेती के बढ़ते महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज कम पानी में भी उपजाए जा सकते हैं और बदलते मौसम में किसानों के लिए लाभकारी हैं। गोष्ठी में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सहायक विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती योजना, और मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने वाली अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर एटीएम विमल सिंह, क्षेत्र के सैकड़ो प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# रोड की पटरी संकरी होने के कारण फिर वाहन सवारों को भयंकर जाम से पड़ा जूझना

#### जाम में फंसे जम्मू कश्मीर के राज्यपाल,

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में नादरगंज तिराहे के पास कानपुर रोड की एक पटरी काफी संकरी होने के कारण बुधवार शाम फिर वाहन सवारों को भयंकर जाम से जूझना पड़ा। संकरी पटरी होने के कारण वाहनों की करीब 1 किलोमीटर दूर तक लंबी कतार लग गई। लोगों को 1 किलोमीटर का रास्ता तय करने में आधे घंटे तक का समय लग गया। इसका कारण पीएनसी कंपनी की लापरवाही बताया जा रहा है। गौरतलब हो कि लखनऊ- कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण पीएनसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कंपनी नादरगंज में फ्लाईओवर का निर्माण कर रही है। फ्लाईओवर पर चढ़ने और उतरने के लिए कानपुर रोड की दोनों पटरियों के बीच करीब 30 फीट चौड़ाई से खुदाई कर उसमें मिट्टी की भरान की जा रही है। दोनों पटरियों के बीच काफी चौड़ी खुदाई होने के कारण यहां नादरगंज तिराहे के पास सीएनजी पंप की तरफ कानपुर से लखनऊ आने वाली पटरी काफी संकरी हो गई है। तिराहे से टूल रूम तक करीब ढाई सौ मीटर पटरी काफी संकरी होने के कारण यहां रोज सुबह शाम वाहनों का भयंकर जाम लग जाता है। बुधवार शाम करीब 6 बजे भी यही हाल हो गया। जिससे नादरगंज तिराहे से हज हाउस तक करीब 1 किलोमीटर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोग काफी देर तक जाम से जूझते रहे। हालाकि नादरगंज तिराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी यातायात व्यवस्था सुचार करने के लिए काफी मशक्कत करते रहे। लेकिन उन्हें जाम छुड़ाने में पसीना तक आ गया। लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। आलम यह कि सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति के अलावा नादरगंज पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों को भी जाम छुड़ाने के लिए सड़क पर उतरना पड़ा। यही नहीं एसीपी कृष्णा नगर विकास पाण्डेय भी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और खुद जाम छुड़ाने में जुट गए। लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी कुछ खास कामयाबी नहीं मिल सकी। बल्कि वाहनों को रेंग रेंग कर ही निकलना पड़ा। यहां करीब 2 घंटे बीतने के बाद भी जाम के हालात वैसे ही बने रहे। नादरगंज तिराहे के पास भीषण जाम के कारण कानपुर से आ रहे जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा और उनकी फ्लीट को रात करीब 8:40 बजे हज हाऊस के पास से नादरगंज तिराहे तक करीब 1 किलोमीटर रॉन्ग साईड से निकलना पड़ा।

## संक्षेप

### पारिवारिक कलह के चलते युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत संदिग्ध अवस्था में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थाना क्षेत्र के किसुनीखेडा में आनंद शुक्ला पुत्र शिव प्रसाद उम्र 40 बर्ष ने देर रात संदिध अवस्था मे घर के कमरे में छत के कुंदे से फाँसी का फंदा बना लटकर जान दे दी। जानकारों के अनुसार आंनद पूना महराष्ट्र का निवासी था ।12 वर्ष पूर्व गाँव के एक भागवत कार्यक्रम में ढोलक बजाने आया था तभी उसने गाँव की ही अन्य जाति की लड़की से लव मैरिज किया था। शादी उपरांत आनंद पत्नी रीता को लेकर पूना चला गया परन्तु अनबन के कारण रीता वापस मायके चली आयी। दो वर्ष पूर्व पति आनंद भी ससुराल आकर रहने लगा। पति -पत्नी के आये दिन अनबन हुआ करती थी इसी अनबन के चलते आनंद ने फांसी के फंदे से लटककर जान दे दे। पत्नी रीता ने जब अपने पति के शव को फंदे से लटका देखा तो चीख निकल गयी ।दिवंगत आनंद का बड़ा लड़का शुभ उम्र 7 वर्ष जबकि छोटा लड़का छोटू उम्र 06 वर्ष है। पिता शिव प्रसाद की मौत करीब 2 वर्ष पूर्व बीमारी से हो गयी थी। सूचना पर पहुँचे उप निरीक्षक रामप्रताप सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

### तीन इंस्पेक्टर व 18 उप निरीक्षको को किया गया इधर से उधर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। इस फेरबदल में तीन इंस्पेक्टर और 18 दरोगाओं को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इंस्पेक्टर स्तर पर हुए बदलाव में औरास इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार मिश्रा को यूपी 112 का प्रभारी बनाया गया है। यातायात प्रभारी निरीक्षक भवन सिंह मौर्य को थाना औरास का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। यूपी 112 के इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह को यातायात विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दरोगा स्तर पर कई अहम बदलाव किए गए हैं। दरोगा ध्रुव सिंह परिहार को अचलगंज के नेवारना से बांगरमऊ भेजा गया है। जितेंद्र पांडे को बांगरमऊ से नेवारना चौकी का प्रभारी बनाया गया है। दिनेश कुमार को परियर से माखी थाने की पावा चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है।महिला पुलिसकर्मियों में उमा अग्रवाल को एचटी थाने से कोतवाली और अर्चना शुक्ला को कोतवाली से महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन इकाई में भेजा गया है। इसके अलावा कई अन्य दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। यह फेरबदल तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# प्रधान संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामप्रधानों ने खण्ड विकास अधिकारी को दिया ज्ञापन




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा विकास खण्ड के ग्राम प्रधानों में सुनील लोधी , सन्नो देवी ,भगवान बख्श , पार्वती , देशराज , दुलारा, चमन सिंह, कुलदीप शुक्ल , उमेश साहू , राकेश रावत ,उर्मिला सहित दर्जनों प्रधानों ने प्रधान संघ की अध्यक्ष रेशमा रावत के नेतृत्व में खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया । ज्ञापन देते हुए प्रधानों ने बताया कि हम लोग स्थाई एवम अस्थाई गौशाला संचालित कर रहे है , जिसमे कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ,उसके बावजूद हम लोग संचालन कर रहे है । इसके बावजूद भारतीय गौसेवा परिषद द्वारा अनैतिक रूप से धन उगाही की मांग की जा रही है ,बिना किसी को बताए ये लोग जबरदस्ती पशु आश्रय स्थल में घुस जाते है , जबकि पशु आश्रय स्थलों में जाने का अधिकार अधिकारियों के पास है, इन लोगो को मना किया जाता है तो अनर्गल आरोप लगा कर फंसाने की धमकी दी जाती है । यदि पशु आश्रय स्थलों में कोई भी कमी है तो अधिकारी स्वयं आकर जांच करले न कि ये लोग आकर अनैतिक रूप से हम लोगो को धमकी दे । प्रधानों ने कांथा प्रकरण के सम्बंध में अधिकारियों से स्वयं जांच करने की मांग की है ।

# स्काउट गाइड भवन का सीडीओ ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, के परिसर में स्थित स्काउट गाइड भवन का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा के द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्काउट गाइड भवन में संचालित मुख्य मंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत यू0पी0पी0एस0सी0 की प्रारम्भिक परीक्षा में उत्तीर्ण एवं यू0पी0 पुलिस परीक्षा-2023 में सफल हुए छात्र/छात्राओं को बधाई दी एवं उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामाना की। उपस्थित छात्र/छात्राओं को मार्ग दर्शन एवं प्रोत्साहन किया एवं योजना को सुचारू रूप से चलावाने हेतु छात्र/छात्राओं से सुझाव मांगे एवं यह भी कहा यदि किसी छात्र/छात्राओं को कोई भी समस्या हो तो वह किसी भी कार्य दिवस में उन से मिलकर समस्या बता सकते है। योजना का उद्देश्य छात्र/छात्राओं को लाभ पहुंचाना है, जिसके लिए पर्याप्त कार्यवाही की जायेगी ।कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य अमिता सिंह, अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-उन्नाव, कोर्स को आर्डिनेटर पीयुष श्रीवास्तव, अध्यापक अनुपम सिंह, आकाश तिवारी, सुधाकार अवस्थी शुभम सिंह, गौरव शर्मा, सुश्री ज्योत्स्ना श्रीवास्तव, अंजली शुक्ला नेहा यादव एवं छात्र/छात्रा उपस्थित रहें।

# बाजार के प्रांगण में पड़ा मिला युवक का शव



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के कालूखेड़ा स्थित नई बाजार प्रांगण मे युवक का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे कालूखेड़ा चौकी इंचार्ज पंकज सोनकर ने जांच पड़ताल की। जांच मे पता चला की मृतक का नाम वीरेंद्र उर्फ छोटू 45 वर्ष पुत्र सिद्धू निवासी अमलौरा थाना रेयोसा जनपद सीतापुर का रहने वाला है। वीरेंद्र बीते लगभग पांच वर्षों से यही रहकर भीख मांगता रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। एसओ विमल कांत गोयल ने बताया की शव बाजार प्रांगण मे पड़ा मिला था जिसको पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। सीतापुर मे संबंधित थाने को सूचना दे दी गयी है।

# पोस्ट ऑफिस के पार्सल डिलीवरी में देरी, मैसेज आने के बाद भी नहीं मिल रहा सामान





अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के स्थित गंज मुरादाबाद पोस्ट ऑफिस में पार्सल वितरण व्यवस्था चरमरा गई है. उपभोक्ताओं को समय पर पार्सल नहीं मिल पा रहे हैं. स्थिति यह है कि उपभोक्ताओं को पार्सल डिलीवरी का मैसेज तो आ जाता है लेकिन वास्तविक डिलीवरी नहीं होती सुल्तानपुर गांव निवासी आलोक कुमार और नीलू ने बताया कि वह पिछले एक सप्ताह से अपने पार्सल के लिए चक्कर काट रहे हैं. पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी रोज आने को कहते हैं लेकिन जब लोग पहुंचते हैं तो पार्सल नहीं मिलता. कर्मचारियों की इस साल मेटल से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कर्मचारी अनूप कुमार द्वारा सही से बात भी नहीं की जाती है। यह जानकारी आज बुधवार शाम 3:00 बजे उपभोक्ता द्वारा दी गई है।

# फायर सर्विस सेंटर पहुंचे एसपी, किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस बल को और अधिक सक्षम बनाने के लिए फायर सर्विस ट्रेनिंग सेंटर में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने दोस्ती नगर स्थित सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणरत आरक्षियों की ज्वाइंट ट्रेनिंग कमांड से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं और उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि पुलिस बल को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना जरूरी है। सेंटर में आरक्षियों को आधुनिक अग्निशमन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा सर्वोपरि है। उन्होंने टीमवर्क और नागरिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। पुलिस को अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आपदा प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी जवानों को फायर फाइटिंग और आपदा प्रबंधन की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जाए। आग लगने की घटनाओं और रेस्क्यू ऑपरेशन में त्वरित कार्रवाई के लिए यह प्रशिक्षण अनिवार्य है। प्रशिक्षण में वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास कराया जाएगा।



# गंगा के कटान से दर्जनों गांव आए चपेट में



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तेजी से हुए गंगा कटान की जद में आकर लगभग एक दर्जन ग्रामीणों के घर जल समाधि ले चुके है तथा दर्जनों घर कटान के मुहाने पर खड़े है गंगा कटान से तीन गांवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराता दिख रहा है ।मजे की बात यह है पलायन की ओर मजबूर ग्रामीणों का दर्द देखने साशन व प्रशाशन से अभी तक कोई मौके पर नहीं पहुंच सका है।

ज्ञात हो बांगरमऊ तहसील क्षेत्र से गुजरी गंगा नदी में तेजी के साथ हो रहे कटान से तलहटी के गांव धन्नापुरवा, भिखारपुरवा व हरीगंज इन तीन गांवों पर अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है ।अब तक हुए कटान से गांव धन्ना पुरवा निवासी ग्रामीण रामखेलावन,लालाराम,पप्पू,मिश्रीलाल, रामासरे,रमेश आदि ग्रामीणों के घर गंगा की जलधारा में जलसमाधि ले चुके है जबकि अन्य ग्रामीण बहादुर, मुन्ना,फत्ते, भौंदे, सुरेश, मैकू, मोटे, महेश,केशन रामपाल आदि ग्रामीणों के घर कटान के मुहाने पर पहुंच चुके है जो कभी भी जलसमाधि ले सकते है ।ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में कई बार स्थानीय तहसील स्तर के अधिकारियों व नेताओं को समस्या बताई गई किंतु कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा सके जिससे गांव पर अस्तित्व मिटने का खतरा बना हुआ है।

**पूर्व में लोकसभा चुनाव के दौरान इन्हीं गांवों के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार कर कटान रोके जाने की मांग उठाई थी तो जनपद के सासंद व क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य आलाधिकारी गांव पहुंचे थे तथा समझाबुझाकर वोट डलवाए गए थे ।**

# तीन सगी बहनों ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की पास, रचा इतिहास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सुंदरपुर गांव की तीन बहनों ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया है। कल्पना (25), अर्चना (23) और सुलोचना (21) की इस सफलता की चर्चा पूरे जिले में हो रही है। इन बहनों के पिता रवींद्र कुमार होमगार्ड थे। उनका 2017 में बीमारी से निधन हो गया। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। मां राजकुमारी ने चार बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी संभाली। बड़ी बेटी कल्पना ने 2018 में मृतक आश्रित कोटे से होमगार्ड की नौकरी शुरू की। वह दिन में ड्यूटी करती और रात में खुद पढ़ने के साथ बहनों को भी पढ़ाती थी। तीनों बहनों की सफलता से गांव में जश्न का माहौल है। ग्रामीण मिठाइयां बांट रहे हैं। मां राजकुमारी का कहना है कि उन्होंने मुश्किल हालात में भी बेटियों की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी ।इन बहनों की कामयाबी उन सभी लड़कियों के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों से समझौता कर लेती हैं। उन्होंने साबित किया है कि सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



# फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के वैसेना गांव में 25 वर्षीय मानी राम ने बुधवार सुबह अपने घर में धोती से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मानी राम अपनी मां विद्या वाती के साथ रहता था। वह पानीपत में एक कंपनी के लिए कपड़े बनाने का काम करता था। होली के दिन वह घर लौटा था। परिवार के अनुसार, पिछले कुछ समय से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। घटना बुधवार सुबह की है। जब परिवार के लोग अपने कामों में व्यस्त थे, तब मानी राम ने घर में फांसी लगा ली। काफी देर तक बाहर न निकलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर मानी राम का शव फंदे से लटका मिला। अचलगंज थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला सामने आया है ।परिवार की ओर से किसी साजिश या विवाद की बात नहीं बताई गई है। गांववालों के अनुसार, मानी राम शांत स्वभाव का था। पिछले कुछ महीनों से वह चुपचाप रहने लगा था और किसी से बातचीत नहीं करता था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# अधीक्षण अभियंता ने दिए कार्रवाई के निर्देश

## शाहजहांपुर में औचक निरीक्षण में खाली मिला कार्यालय, अधिकारी नदारद

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने विद्युत परीक्षणशाला द्वितीय का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खाली मिला। कार्यालय में सिर्फ एक ड्राइवर मौजूद था। अधीक्षण अभियन्ता ने वाहन चलाने के लिए कहा तो ड्राइवर गुलजार अहमद ने प्राइवेट वाहन चलाने से मना कर दिया। अधीक्षण अभियंता ने उन्हें दूसरे काम पर लगाने के निर्देश दिए हैं। जांच में कई खामियां मिलीं। कर्मचारियों ने पंजिका में हाजिरी नहीं लगाई थी। परीक्षणशाला में 50-60 मीटर बिना किसी कारण के जमा मिले। एक उपभोक्ता के घर पर स्मार्ट मीटर लगाने के बाद पुराना मीटर और केबल वहीं छोड़ दिए गए। इससे राजस्व को नुकसान की आशंका है। अधीक्षण अभियंता ने सहायक अभियंता और अवर अभियंता की लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी सहायक अभियंता दुष्यंत कुमार और विपिन कुमार के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंता को सभी बिंदुओं पर तत्काल रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। विभाग पर पहले भी उपभोक्ताओं की शिकायतों पर ध्यान न देने के आरोप लगते रहे हैं।

# एक्सीडेंट में घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

## सड़क पार करते समय टैंपो ने मारी टक्कर, बरेली में चल रहा था इलाज

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, थाना जलालाबाद क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए ई-रिक्शा चालक की बरेली में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय केशव सिंह निवासी याकूबपुर मोहल्ले के रहने वाले के रूप में हुई। केशव सिंह पिछले बुधवार को सब्जी खरीदने गए थे। फरुर्खाबाद रोड पर सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार टैंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा शव चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए केशव को बरेली रेफर कर दिया। एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तालाब पर कब्जा करने पहुंचे आरोपी ने की फायरिंग

## शाहजहांपुर में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया, तमंचा और कारतूस बरामद

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, एक दबंग द्वारा तालाब पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। तिलहर थाना क्षेत्र का रहने वाला आसिफ अपने साथियों के साथ मुगलान मोहल्ले में एक तालाब पर कब्जा करने पहुंचा। वहां पहुंचते ही स्थानीय लोगों के आने पर आरोपी आसिफ ने फायरिंग कर दी। घटना के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। भागते समय आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर आरोपी और उसके साथी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगे। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी दूसरे पक्ष पर फायरिंग और मारपीट का झूठा आरोप लगाता दिख रहा है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा है और फायरिंग खुद आसिफ ने की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि बरामद तमंचा उसके पिता का है। पिता की मृत्यु के बाद वह इसे सुरक्षा के लिए रख रहा था। आरोपी का जमीन खरीद-बिक्री का काम है। उसने स्वीकार किया कि कब्जा करने के दौरान भीड़ बढ़ने पर उसने फायरिंग की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सम्पादकीय

# आतंकवाद की वैश्विक राजधानी पाकिस्तान

आज पाकिस्तान अपना बोया ही काट रहा है। आतंकवाद और बगावत की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान की नीति आतंकवाद को पालने-पोसने व अच्छे व बुरे आतंकवाद में फर्क रखने की रही है, नतीजा आज सामने है। एक तरफ जहां आतंकी गुट पाक फौज के लिए चुनौती बने हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान से अलग स्वायत्त क्षेत्र के लिए लड़ाई लड़ रहे विद्रोही गुट पाक सेना को आर-पार की चुनौती दे रहे हैं। एक सप्ताह में दूसरी बार है जब बलूच लिब्रेशन आर्मी (बीएलए) ने पाक फौज को निशाना बनाकर हमला किया है। बीएलए ने पहले ट्रेन को हाइजैक किया, उसके बाद अब आत्मघाती हमले से पाक सुरक्षा बलों पर हमला किया है। बीएलए पाक संघीय सरकार से आजादी की मांग कर रही है। इस वक्त पाकिस्तान में कई अलगाववादी गुट सक्रिय हैं, जिन्हें काबू करना पाकिस्तान सरकार व फौज के लिए भारी पड़ रहा है। जहां पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता है, वहीं देश के अंदर अनेक आतंकवादी, कट्टर इस्लामिक व अलगाववादी शक्तियां फन उठा रही हैं। पाक सरकार व पाक एस्टाब्लिशमेंट–फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की फंक्शनिंग में भारी अंतर व समन्वय की कमी के चलते अलगावादी शक्तियों को अवसर मिल रहा है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, मुल्तान, पीओके व सिंध क्षेत्र में पाक एस्टाब्लिशमेंट के प्रति असंतोष है। आज पाकिस्तान जिस भी स्थिति में है, इसके लिए वह आतंकवाद पर अपनी नीति के कारण है। ऐसा लग रहा है मानो अब पाकिस्तान के लिए राष्ट्र के रूप में एक रह पाना मुश्किल है, बांग्लादेश की तारीख को बलूचिस्तान दोहरा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लैक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक बार फिर से पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को आश्रय देने के नीतिगत पहलुओं को उजागर किया है। भारत ने हमेशा पाकिस्तान से शांति की राह पर चलने और आतंकवाद छोड़ने की अपील करता रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने अपने आवाम की खुशी के खातिर भी कभी शांति की राह पर चलने का प्रयास नहीं किया है। आज दुनिया में कहीं पर भी आतंकवाद की घटना घटती है तो कहीं न कहीं पाकिस्तान कनेक्शन सामने आता है। अमेरिका में 9/11 की बड़ी घटना हुई। इसका मुख्य सूत्रधार ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था। अब दुनिया पहचान गई है कि पाकिस्तान दुनियाभर के लिए परेशानी का केंद्र बन चुका है। वह अपने पड़ोसी भारत व अफगानिस्तान के साथ हमेशा सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। भारत ने पाक के आतंकवाद का डटकर मुकाबला किया है, पाक को चार बार भारत से जंग में करारी हार का सामना करना पड़ा है, इसके बाद भी सुधर नहीं रहा है। पाकिस्तान भारत से अलग ही इसलिए हुआ कि वह मुस्लिमों के लिए एक अलग राष्ट्र बनाएगा, लेकिन पाकिस्मानी हुकूमत ने शांति व विकास के बजाय पड़ोसियों से संघर्ष व प्रॉक्सी जंग का रास्ता चुना, खामियाजा समूची पाकिस्तानी जनता भुगत रही है। वह आतंकवाद की वैश्विक राजधानी बन कर रह गया है। अनेक घोषित ग्लोबल आतंकवादी इस वक्त भी पाकिस्तान में हैं। भारत का रुख साफ है, पहले पाकिस्तान आतंकवाद बंद करे, फिर नई दिल्ली इस्लामाबाद के साथ वार्ता करेगी। पाकिस्तान को अपने यहां से भारत विरोधी आतंकवाद को खत्म करना ही होगा। अभी संयुक्त राष्ट्र में भी पाक ने कश्मीर राग अलापा है, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।



विश्लेषण

विकेश कुमार बडोला

# अवैध प्रवासन बिल का विरोध गलत

यह विधेयक सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है।

अंततः भारतीय शासन ने भी वर्तमान अमेरिकी शासन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रेरणा प्राप्त कर संसद के वर्तमान सत्र में 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' प्रस्तुत कर दिया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह किसी के भारत आगमन को रोकने नहीं बल्कि यहां के नियमों के अंतर्गत यहां आने के अभ्यास को क्रियान्वित करने के लिए लाया गया है। मूलतः इस विधि-व्यवस्था द्वारा शासन यह सुनिश्चित करेगा कि भारत में अवैध प्रलेखों-प्रपत्रों के माध्यम से प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का प्रवास समाप्त किया जाए और उन्हें वापस वहीं भेजा जाए जहां से वे आये हैं।

यह विधेयक पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, इत्यादि सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है, इस पर भलीभांति विचार-विमर्श नहीं हुआ और पारित करने से पूर्व इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास अनुमोदन हेतु भेजा जाना चाहिए था। इस संदर्भ में विपक्षियों से प्रश्न है कि भारत हितैषी विधेयकों के पारित होने के बाद ही उनका विरोध मुखरित क्यों होता है। ऐसे विधान की प्रस्तावना से लेकर प्रक्रिया में निश्चित ही लंबा समय व्यतीत हुआ होगा। इस समयावधि में भी विपक्षी नेता अपनी आपत्तियां प्रकट कर सकते थे। विधान को कार्यकारी स्वरूप प्रदान करने वाले संबंधित मंत्रालय, मंत्री और कार्यकारी तंत्र के साथ समन्वय करके इसकी कमियों और निष्प्रभावी बिंदुओं की ओर ध्यानाकृष्ट करवा सकते थे। किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि अवैध आबादी उनका बड़ा वोट है और इसीलिए उनका विरोध भारत के हित में संबंधित विधान के गुण-दोषों पर यथोचित चर्चा करने की तुलना में इस कारण देश में होनेवाली अवैध आबादी की गोलबंदी से अपने राजनीतिक हितों के चोटिल होने के प्रतिकार में ही हो रहा है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने अपनी-अपनी राजनीति का चाल-चरित्र मुस्लिम तुष्टिकरण तक सीमित कर दिया है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश और म्यामांर से घुसपैठ कर आए हुए कठमुल्लों की आबादी करोड़ों में पहुंच चुकी है। बंगाल में कठमुल्लों की अवैध घुसपैठ और आप्रवासन होते-होते एक-डेढ़ दशक से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। इस समयावधि में राजनीतिक स्वार्थ साधने के मकसद से ऐसी आबादी केवल बंगाल तक ही सीमित नहीं रही। राजधानी दिल्ली सहित भारत के अनेक प्रांतों में भी अवैध बांग्लादेशियों और म्यांमारियों की बड़ी आबादी झुग्गी-बस्ती डालकर रह रही है। ऐसी जनसंख्या को वोट बैंक बनाने के लालच में अधिसंख्य भारतीय राजनीतिक दलों ने अपने मूलभूत राजनीतिक सिद्धांतों को खूंटी पर टांग दिया है। दुनिया में



ऐसी अवैध जनसंख्या के बलबूते अपनी-अपनी राजनीतिक स्थापनायें कर चुके व करते रहे अधिसंख्य देशों के शासन ने अपने संरक्षण में चलाये जा रहे एनजीओ के माध्यम से इस जनसंख्या का राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक और जनसंचारिक संरक्षण किया है। भारत भी इस प्रसंग पर कांग्रेस के शासन में अमेरिका और यूरोपीय देशों की भांति अवैध आबादी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का दंश सह चुका है और जिस-जिस प्रदेश में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और हिंदुओं के वोटों की उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दल विधायिकाओं में बहुमत के साथ उपस्थित हैं, आज वे संसद की राज्यसभा में अवैध घुसपैठ व आप्रवान के संदर्भ में पारित विधेयक का विरोध कर रहे हैं।

हालांकि विधेयक की संपूर्ण विषय-सामग्री को इसका पूर्ण अध्ययन करने पर ही जाना जा सकता है, किंतु लेखक केंद्रीय शासन से यह अवश्य पूछना चाहेगा कि जब विधेयक अवैध घुसपैठ, आप्रवासन और नागरिकता के संबंध में है तो फिर दोषियों को सात वर्ष का कारावास और दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतने का दंड पर्याप्त नहीं है। यदि विपक्ष इस बिंदु पर अपना विरोध प्रकट करता तो देश के मूल नागरिक उनके विरोधी स्वर का अनुसमर्थन करते। यदि किसी या किन्हीं व्यक्तियों को घुसपैठ, अवैध आप्रवासन या अवैध नागरिकता के आरोप के बाद पकड़ा जाता है तो दंड यह होना चाहिए कि उनके पास उपलब्ध उनकी समस्त चल-अचल संपत्तियों को शासन अपने पास रखे और उन्हें तत्काल ही देश से बाहर करे। इस संदर्भ में शासन के स्तर पर एक त्वरित कार्यबल या प्रकोष्ठ गठित हो, जो दोषी घुसपैठियों, आप्रवासियों, नागरिकों को पंद्रह दिनों या एक महीने में वापस वहीं उसी देश भेजने का प्रबंध करे, जहां से वे आये थे। करोड़ों की संख्या में अवैध पाये जाने वाले बांग्लादेशियों, म्यांमारियों या किसी अन्य पड़ोसी देश के घुसपैठियों को कारावास में रखना तो भारतीय हितों पर कुठाराघात ही होगा। यदि ऐसे व्यक्तियों के पास कोई चल-अचल संपत्ति नहीं मिलती और इन्हें शासकीय व्यय पर कारावास में पाला-पोषा जाता है, तो इससे अवैध आप्रवासन विधेयक की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी। पंगु भारतीय न्याय व्यवस्था के अंतर्गत अवैध आप्रवासियों को कारावास देना अंततः भारतीय मूल नागरिकों द्वारा कर के रूप में शासन को दी जाने वाली धनराशि का अपव्यय ही सिद्ध होगा। यदि संबंधित विधेयक के पारित होने के बाद ऐसी समस्यायें उठ खड़ी होने की शंकाएं हैं तो स्वयं केंद्रीय शासन को विधेयक पर पुनर्विचार करके इस पर समयोचित संशोधन करना अनिवार्य होना चाहिए। यह विधेयक भारतीय गणतंत्र, शासन, मूल नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण करता हुआ तब ही प्रतीत होगा, जब इसके माध्यम से करोड़ों अवैध आप्रवासी बांग्लादेशियों, म्यांमारियों और अन्य देशों के वासियों को भारत से निकालकर वापस उनके देश में भेजा जाना सुनिश्चित हो। क्या इसके लिए केंद्रीय शासन तत्पर है? आप्रवासन की अवैध कुव्यवस्थाओं का चक्रव्यूह तोड़ पाने में वर्तमान केंद्रीय शासन कितना सफल होता है, यह तो आगामी दिनों में धरातल पर दिख ही जाएगा। इस ध्येय की सफलता हेतु शासन के सम्मुख प्रमुख चुनौती उन देशों को अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए मनाने की होगी, जहां के करोड़ों व्यक्ति अवैध ढंग से भारत में रह रहे हैं। क्या केंद्रीय शासन रणनीतिक कुशलता के साथ यह राजनीतिक कर्म कर पाएगा? इस संदर्भ में बड़ी व व्यापक शंका ये है कि जब अपने ही देश के विपक्षी राजनीतिक दल व इनके नेता, अवैध आप्रवासन को रोकने हेतु पारित विधेयक की नीतियों का विरोध कर रहे हों तो फिर इन पर अवैध आप्रवासियों के मूल देशों की क्या प्रतिक्रिया होगी। क्या इस हेतु शासन की कोई पूर्वयोजना निर्धारित है?

स्लिमनेस

सोनम लववंशी



# युवाओं में सवार पतला होने का पागलपन

एक 18 वर्षीय लड़की की मौत... वजह? उसने खाना छोड़ दिया था। सुनने में यह जितना अविश्वसनीय लगता है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा भयावह है। केरल की श्रीनंदा, जो कभी खिलखिलाती जिंदगी जी रही थी, धीरे-धीरे खुद को खत्म करने लगी, मात्र इसलिए क्योंकि वह पतली दिखना चाहती थी। एनोरेक्सिया नर्वोसा, एक ऐसी बीमारी जिसमें व्यक्ति जरूरत से ज्यादा पतला होने की कोशिश में खुद को भूखा रखने लगता है, उसका जीवन लील गई। उसका वजन घटकर केवल 24 किलो रह गया था। क्या यह महज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, या फिर एक बड़ी सामाजिक समस्या की भयावह तस्वीर? आज के दौर में सोशल मीडिया और यूट्यूब ने 'परफेक्ट बॉडी' के नाम पर युवाओं के दिमाग में एक ऐसा डर भर दिया है, जो धीरे-धीरे उन्हें भीतर से खत्म कर रहा है। हर जगह एक ही संदेश- 'पतले रहो, सुंदर दिखो, नहीं तो तुम स्वीकार किए जाने के योग्य नहीं हो!' यह कैसा समाज बना रहे हैं हम, जहां खूबसूरती के पैमाने इंसान की सेहत और जिंदगी से बड़े हो चुके हैं? श्रीनंदा की मौत अकेली नहीं है। हजारों किशोर और युवा इस मानसिकता की गिरफ्त में आ चुके हैं। शोध बताते हैं कि एनोरेक्सिया नर्वोसा से जूझने वालों में से 5 से 10 प्रतिशत की जान चली जाती है। यह कोई फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि एक गंभीर मानसिक बीमारी है, लेकिन इसे लेकर जागरुकता इतनी कम है कि जब तक स्थिति बिगड़ नहीं जाती, तब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता। क्या हम अपनी आने वाली पीढ़ी को इसी तरह खोते रहेंगे? दरअसल, सोशल मीडिया, फिल्में, फैशन इंडस्ट्री, सब मिलकर एक आदर्श शरीर की परिभाषा बना रहे हैं, जिसमें 'स्लिमनेस' ही खूबसूरती और सफलता की पहचान है। लड़कियां खुद को बॉलीवुड की अभिनेत्रियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से तुलना करने लगती हैं, जो हमेशा पतली, टोंड बॉडी में नजर आती हैं। उन्हें यह नहीं बताया जाता कि इन तस्वीरों के पीछे कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि एडिटिंग, फिल्टर्स और कभी-कभी खतरनाक डायटिंग भी होती है। जब एक किशोरी दर्पण में खुद को देखती है और उन 'आदर्श' छवियों से तुलना करती है, तो वह खुद को कमतर महसूस करने लगती है। फिर शुरू होता है खाना छोड़ने, अत्यधिक व्यायाम करने और खुद को तकलीफ देने का खतरनाक सिलसिला। क्या इसके लिए केवल सोशल मीडिया ही जिम्मेदार है? नहीं। समाज में बचपन से ही बच्चों को शरीर को लेकर ताने सुनने पड़ते हैं, इतने मोटे मत बनो, पतले रहोगे तो अच्छे लगोगे। खासकर लड़कियों पर यह दबाव ज्यादा रहता है। परिवार, स्कूल, रिश्तेदार, हर कोई जाने-अनजाने ऐसी टिप्पणियां कर देता है, जो किसी के आत्मविश्वास को जड़ से हिला देती हैं। क्या किसी की सुंदरता को सिर्फ उसके वजन से मापा जाना चाहिए? डॉक्टरों के अनुसार, एनोरेक्सिया सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि मानसिक बीमारी भी है। इसके शिकार लोग जरूरत से ज्यादा परफेक्शनिस्ट होते हैं, वे खुद को भूखा रखते हैं, शरीर में ऊर्जा की कमी होती है, अंग काम करना बंद कर देते हैं, और धीरे-धीरे वे मौत के करीब पहुंच जाते हैं। समस्या की जड़ तक जाना जरूरी है। सबसे पहले, हमें अपनी सोच बदलनी होगी। बॉडी पॉजिटिविटी को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे हर व्यक्ति अपने शरीर को अपनाए, उसे प्यार करे, और अवास्तविक सौंदर्य मानकों के पीछे भागने के बजाय अपनी सेहत को प्राथमिकता दे। अभिभावकों की भी भूमिका अहम है। जब आपका बच्चा बार-बार अपना वजन तोलता है, खाने से बचता है, या अपने शरीर को लेकर असंतुष्ट दिखता है, तो यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि खतरे की घंटी हो सकती है। ऐसे में तुरंत उससे बात करें, उसे समझाएं कि असली खूबसूरती क्या होती है, और जरूरत पड़े तो मनोवैज्ञानिक मदद लेने से भी न हिचकिचाएं। मीडिया और विज्ञापन उद्योग को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वे चाहें तो सौंदर्य के असली मायने बदल सकते हैं। फैशन इंडस्ट्री को भी समझना होगा कि हर शरीर खूबसूरत होता है

## सभी प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित

दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित

प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### होली में सामाजिक गुस्सा और विभाजन

अब होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्योहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्योहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठे होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। अब वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। पहले की तरह का सद्भाव खत्म हो रहा है। *– मनोज जोशी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### ट्रंप ने 18वीं सदी का कानून लागू किया, जज ने रोका

निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नयी शक्तियां हैं। कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है



## ऑफ बीट

### रक्तदान से रक्त कैंसर होने का खतरा कम

रक्तदान को जिंदगी बचाने वाला कार्य माना जाता है लेकिन क्या रक्तदान करने से दाता को भी लाभ हो सकता है? लंदन में फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए शोध के अनुसार, बार-बार रक्तदान करने वाले लोगों में सूक्ष्म आनुवंशिक परिवर्तन हो सकते हैं जिससे रक्त कैंसर होने का जोखिम कम हो सकता है। इसके साथ ही अनेक प्रमाण हैं कि नियमित रक्तदान से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ हैं। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है रक्त बनाने वाली हमारी स्टेम कोशिकाओं में स्वाभाविक रूप से उत्परिवर्तन होते हैं, इस प्रक्रिया को 'क्लोनल हेमेटोपोइसिस' कहते हैं।



## ट्रेंड

### डिजिटल नवाचार

यह एक सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में नवाचार और दक्षता पर जोर देती है। डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बना रहा है, जिससे अनगिनत लोगों का जीवन सशक्त हो रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### जनता के बहुमूल्य सुझाव

दिल्ली बजट 2025-26 के तहत हमारी सरकार लगातार जनता के बहुमूल्य सुझाव ले रही है। मैं भरोसा दिलाती हूँ कि डबल इंजन सरकार हर समस्या का समाधान करेगी। हम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### सुख-समृद्धि की प्रार्थना

10 दिन की विपश्यना साधना के बाद परिवार सहित अमृतसर पहुंचा। श्री दरबार साहिब में माथा टेका और गुरु महाराज जी के चरणों में सबकी खुशहाली, सुख-समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना की।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली



### सॉफ्ट पावर का उदय

यह एक सच्ची सॉफ्ट पावर का उदय है और भारत एक प्रभावशाली अर्थव्यवस्था के रूप में जो दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। भारत ने वेव्स शिखर सम्मेलन से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए 1 बिलियन डॉलर के फंड की घोषणा की

-शेखर कपूर, फिल्मकार



## कलाम फाउंडेशन ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मंगलवार को जनपद की साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था कलाम फाउंडेशन के द्वारा होली मिलन का समारोह किसान महाविद्यालय में भव्य कवि सम्मेलन के साथ मनाया गया।समारोह का सुभारम्भ फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. मेजर एस. पी. सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकारिता प्रकोष्ठ के संरक्षक भागवत शुक्ल, साहित्यिक प्रकोष्ठ के संरक्षक रमेश चंद्र तिवारी, शिक्षक प्रकोष्ठ के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद के साथ अन्य अतिथियों के द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर एवं दीप प्रज्जवलन कर के किया गया।इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में कई अन्य जनपदों से आये हुए कवियों नें अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोहा एवं खूब तालियां बटोरी।



सीतापुर जनपद के प्रसिद्ध गीतकार शेखर त्रिपाठी नें पढ़ा -जिन्हें दाम प्यारे उन्हें दाम दे दो,

मुझे राम प्यारे मुझे राम दे दो !

लखनऊ के प्रसिद्ध गीतकार लोकेश त्रिपाठी नें पढ़ा-

ये देश देश द्रोहियों के संग है नहीं,

केसरिया स्वास में है महज रंग है नहीं,

हम में शिवा का अंश है संभा का खून है,

भारत की सोच में कोई औरंग है नहीं !

बाराबंकी जनपद से आये हुए साहित्यकार डॉ. ओम शर्मा ओम नें पढ़ा -

साथ खुशियाँ मनायें होली में,
प्रीत के गीत गायें होली में,
बीज नफरत की भावनाओं का,
आओ मिलकर जलाये होली में !

श्रावस्ती जनपद की कवित्री ऋचा मिश्रा रोली नें पढ़ा -एक चुटकी सिंदूर मिले तो, खुशियों का भंडार मिले,

त्याग करूं संसार ये सारा, अगर तुम्हारा प्यार मिले !

बलरामपुर जनपद से पधारे हुए साहित्यकार देवेश मिश्र बलरामपुरी नें पढ़ा -

रहो तुम अब कुंवारे ही सगाई मार डालेगी,

अभी हो मौज में रहते लुगाई मार डालेगी !

बहराइच जनपद के आँगन के कवि एवं प्रसिद्ध गीतकार योगेंद्र योगीनें अपनी रचना पढ़ी-

राह निहारूं सांझ सकारे,
वृन्दावन के नटखट प्यारे,
गोकुल की गलियां पुकारे,
सजन ने आ जा यमुना किनारे !

बहराइच जनपद के प्रसिद्ध हास्य एवं व्यंग कवि पी.के. प्रचंड ने पढ़ा - रहे ना रंग से वंचित कोई इस बार होली में आओ करें हम रंग की बौछार होली में ।इस अवसर पर कलाम फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश सिंह, जिला अध्यक्ष राम अचल माझी, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के रमेश कुमार मिश्र, वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश पटेल, समाजसेवी योगेंद्र मणि त्रिपाठी,समाजसेवीका निशा शर्मा जिला, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राम हर्ष यादव,रसल रघुवंशी, रामराज गुप्ता जितेंद्र बाजपेई श्याम जी मिश्रा के अलावा तमाम श्रोता एवं समाजसेवी मौजूद रहे। अंत में कलम फाउंडेशन के संस्थापक अमर सिंह बिसेन एवं प्रदेश अध्यक्ष दिव्या पोरवाल ने संयुक्त रूप से सभी आगंतुकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा इस तरह के आयोजन को निरंतर करने की प्रतिबद्धता जताई।

## बहन से बात करता था, इसलिए मार डाला

### प्रयागराज में 12वीं के छात्र का हत्यारोपी बोला– साथ देखा तो खून खौल उठा

संवाददाता

प्रयागराज, 'राजू मेरी बहन से एक साल से बात कर रहा था।मैंने उसे कई बार मना किया, लेकिन वो मान नहीं रहा था।15 मार्च को घर में तेहरवीं थी। वह भी आया था और मेरी बहन के साथ घूम रहा था।यह देखकर मेरा खून खौल उठा।मैं वहां पहुंचा और अपनी बहन को खींचते हुए घर ले गया।वहां पहले उसे पीटा, फिर साथियों के साथ मिलकर राजू को घसीटते हुए गंगा किनारे ले गया, जहां फावड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी।' यह कबूलनामा करन का है, जिसने 15 मार्च को प्रयागराज में 12वीं के छात्र राजू की हत्या की थी।उसने पुलिस को बताया- अगर राजू मान जाता, तो उसकी जान नहीं जाती। छात्र के पिता की शिकायत पर पुलिस ने लड़की की मां, भाई समेत 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। करछना थाना क्षेत्र के सेमरहा गांव के रहने वाले मानिक चंद्र निषाद पीडब्ल्यूडी में बेलदार हैं।उनके



चार बेटों में सबसे छोटा बेटा सूबेदार उर्फ राजू था।वह अमिलो गांव के एक स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र था। उसका गांव की एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था।राजू अपने बड़े भाई आनंद के साथ पड़ोस में तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल होने गया था।वहां उसे किशोरी से बात करते हुए उसके भाई ने देख लिया। आरोपी करन किशोरी को घर खींच ले गया, जहां उसने उसकी पिटाई की। इसके बाद करन अपने साथियों के साथ मिलकर छात्र सूबेदार को पकड़कर घसीटते हुए गंगा किनारे ले गया, जहां फावड़े से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक युवक ने पूरी घटना देख ली। उसने राजू के परिवार वालों को घटना की सूचना दी। परिजन भागते हुए गंगा किनारे पहुंचे, जहां राजू का शव खून से लथपथ पड़ा था। सूचना मिलने पर एसीपी और करछना इंस्पेक्टर पहुंचे।फोरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए।इसके बाद राजू के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## संक्षेप

### पत्रकार की हत्या पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सख्त

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में जिलाधिकारी कार्यालय में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सीतापुर में हुई पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या के संबंध में था। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित इस ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं।पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की कुछ अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।एसोसिएशन ने हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की गई है। एसोसिएशन ने पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है। जिलाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### बौद्ध मंदिर प्रबंधन को लेकर विवाद

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार मंदिर के प्रबंधन को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम भेजा गया है। महाबोधि महाविहार विश्व धरोहर है, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यह मंदिर बोधगया महाविहार अधिनियम 1949 के अंतर्गत संचालित होता है। वर्तमान प्रबंध समिति में 5 ब्राह्मण और 4 बौद्ध सदस्य शामिल हैं।संगठन का आरोप है कि महंत ब्राह्मण मंदिर में बुद्ध के स्वरूप को मिटाकर शिवलिंग और अन्य हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित कर रहे हैं।उनका कहना है कि जब अन्य धार्मिक स्थलों का प्रबंधन संबंधित धर्म के लोगों के पास है, तो बौद्ध मंदिर हिंदुओं के नियंत्रण में क्यों है।तत्काल कार्रवाई करने की मांग भीम आर्मी ने बी.टी. एक्ट 1949 को निरस्त करने की मांग की है।साथ ही महाविहार की प्रबंध समिति में केवल बौद्ध सदस्यों को रखने की मांग की है। संगठन ने मंदिर को हिंदू-ब्राह्मणों के कब्जे से मुक्त कराकर बौद्ध भिक्षुओं को सौंपने की मांग की है।

### थाने के पास हुई मोबाइल चोरी का हुआ खुलासा

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, पुलिस ने मोबाइल शोरूम में हुई चोरी का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने शातिर चोर शमीम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 22 एंड्रॉयड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, 14 डमी मोबाइल फोन और 1,120 रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी शमीम मोहल्ला रेता का रहने वाला है। उसका आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है।उस पर पहले से छह मुकदमे दर्ज हैं। इन मुकदमों में चोयह चोरी 16 मार्च 2025 को हुई थी ।कैलसा रोड स्थित यश इंटरप्राइजेज की मालकिन अनुराधा सिंह ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई दिवस आयोजित

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य अंजु प्रजापति ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की। महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य अंजु प्रजापति द्वारा थाना विशेश्वरगंज अन्तर्गत निशा देवी पुत्री अजय कुमार, सुमन देवी पत्नी रामनाथ, थाना फखरपुर अन्तर्गत अन्जुम बानो पत्नी सफीजुद्दीन, सायमा बेगम पत्नी अल्ताफ, मोहल्ला नाजिरपुरा नि. रूखसाना पत्नी स्व. मोहम्मद अली, तमन्ना पत्नी मोहम्मद कलाम, थाना कैसरगंज अन्तर्गत सराज कुमार पत्नी भोलानाथ, थाना हुजूरपुर अन्तर्गत द्रोपदी देवी पत्नी स्व. दौलत राम, विमला देवी पत्नी सुनील कुमार, रजनी पत्नी बालकराम तथा थाना सुजौली अन्तर्गत कान्ती पत्नी सनीदेवल से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर



सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रजापति ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी थानों पर महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाय ताकि उन्हें त्वरित गति से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर महिलाओं के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, महिला थानाध्यक्ष मंजू यादव, प्रभारी एन्टी रोमियो उ.नि. आरती वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि जनपद के एफपीओ प्राकृतिक एवं जैविक खेती कर अपनी आय बढ़ायें।उन्हें नये-नये व्यवसाय अपनाने का सुझाव दिया। सीडीओं ने जनपद के बेरोजगार युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत संचालित साईट उेउमण्नचण्हवअण्पद पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।इस योजना के तहत 5 से 10 लाख रुपए तक के लोन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी तथा चार वर्ष तक ब्याज मुक्त ऋण देय है।8वीं पास से लेक ग्रेजुएशन तक के किसान अथवा व्यक्ति इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। सीडीओ ने उपायुक्त उद्योग को इस योजना में अधिक से अधिक आवेदन कराकर नये सूक्ष्म



उद्योग स्थापित कराने के भी निर्देश दिये। सीडीओ ने बैठक मैं उपस्थित अधिकारियो को निर्देश दिया कि किसान दिवस बैठक मैं प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच डॉ. संदीप कनौजिया ने फसलों में लगने वाले कीड़े मकोड़े की रोकथाम के लिए विस्तृत जानकारी दी स डॉ. कनौजिया ने किसानों को सलाह दी कि वर्तमान में जनपद के किसानों द्वारा गन्ना फसल की बुआई की जा रही है ।उन्होंने किसानों को सलाह दी कि गन्ने के साथ उर्द, मूंग, सब्जी की सहफसली खेती कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं ।एलडीएम जितेंद्र नाथ मसंद द्वारा बैंकों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा जायद में बीज एवं खाद उपलब्धता इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनंद शुक्ला, सहायक निदेशक मत्स्य डॉक्टर जितेंद्र तिवारी, पीपीओ प्रियानन्दा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा, सचिव मंडी, डीडीएम नाबार्ड कैलाश जोशी, इफको के सत्येन्द्र वर्मा, जल निगम के सूरज वर्मा, सरयू नहर खण्ड के रोहित वर्मा, अधि.अभि. नहर मनीष कुमार, सरयू नहर खण्ड-5 के निदेश कुमार, सहायक अभियन्ता ट्यूबेल देवेन्द्र द्विवेदी, दिनेश कुमार प्रगतिशील कृषक बब्बन सिंह, लालता प्रसाद प्रसाद गुप्ता, किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रामकुमार वर्मा सहित अन्य प्रगतिशील कृषक एवं अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिविर आयोजित कर दिव्यांगों को वितरित किये जायेंगे सहायक उपकरण

**24 से 29 मार्च तक आयोजित होंगे शिविर**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि सी.एस.आर. योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किये जाने के उद्देश्य से 24 मार्च से 29 मार्च 2025 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। सीडीओ ने बताया कि निर्धारित तिथियों पर पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक आयोजित शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिविर हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार विकास खण्ड विशेश्वरगंज, पयागपुर एवं हुजूरपुर के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड पयागपुर में 24 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी पीडी डीआरडीए होंगे। ब्लाक बलहा व नवाबगंज के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड नवाबगंज में 25 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी उपायुक्त स्वतः रोजगार होंगे। ब्लाक मिहींपुरवा के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड मिहींपुरवा में 26 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी होंगे।इसी प्रकार विकास खण्ड चित्तौरा, रिसिया एवं बहराइच के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड चित्तौरा में 27 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी उपायुक्त मनरेगा होंगे। ब्लाक शिवपुर, महसी एवं तेजवापुर के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड महसी में 28 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी जिला विकास होंगे तथा ब्लाक फखरपुर, कैसरगंज एवं जरवल के लाभार्थियों हेतु विकास खण्ड कैसरगंज में 29 मार्च को शिविर आयोजित होगा जिसके नोडल अधिकारी पीडी डीआरडीए होंगे।

## विशाल पाठक बने ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के देवीपाटन मंडल मंत्री

### बहराइच के तजवापुर ब्लॉक अध्यक्ष की भी मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी

- संगठन व ब्राह्मण समाज के प्रति निष्ठा का मिला पुरुस्कार
- ब्राह्मण समाज के लोगों ने जताया हर्ष

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र के द्वारा जनपद बहराइच के चौखड़िया निवासी विशाल पाठक को ब्राह्मण वेलफेयर महासभा उत्तर प्रदेश का देवीपाटन मंडल मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त इन्हे बहराइच के तजवापुर ब्लॉक अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी प्रदान की गई है। वरिष्ठ युवा समाजसेवी विशाल पाठक की लगातार सामाजिक कार्यो मे सक्रियता, समाज के प्रति निष्ठा तथा रुचि को देखकर उन्हे दो दो पद की



महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा राष्ट्रीय स्तर का संपूर्ण भारत मे कार्य करने वाला गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है जो ब्राह्मण समाज के लोगो मे राष्ट्रवाद की भावना पैदा करना, सर्वांगीण विकास, नशामुक्ति, उत्थान एवं कल्याण आदि उद्देश्यों पर कार्य करता है।श्री पाठक को महासभा का देवीपाटन मंडल मंत्री सहित तजवापुर ब्लॉक अध्यक्ष बनाये जाने पर संगठन के विनोद गिरि, जीतेन्द्र शर्मा, रमेश मिश्रा, कौशलेन्द्र पाण्डेय, धीरेन्द्र शर्मा, अशोक उपाध्याय, शुभम त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, नीरज मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, सजल मिश्रा, अमित त्रिपाठी, राजकुमार शर्मा, संतोष शुक्ला, आनंद भूषण मिश्रा, सूरज कुमार, नीर, कुलदीप आदि सहित क्षेत्रीय लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

## एक सप्ताह पूर्व लापता हुए युवक की नाले में मिली लाश

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, स्थानीय पुलिस ने पूर्ण की संवैधानिक कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौसर गुमटिहा गांव निवासी एक युवक 11 मार्च को घर से चला गया।इसके बाद वापस नहीं आया। मंगलवार शाम को उसका शव जंगल के बबई नाले में जलकुंभी से दबा मिला।शव को देखते ही ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। परिवार के लोगों की पहचान पर सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।जिस पर मोतीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के चचेरे भाई ने रंजिश में हत्या का आरोप लगाया है ।खबर के मुताबिक जनपद बहराइच के मोतीपुर थाना क्षेत्र निहित नौसर गुमटिहा गांव निवासी शत्रोहन (32) पुत्र घसीटे 11 मार्च को घर पर बाइक खड़ी कर कहीं चले गए। घर वापस न आने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन की, कुछ पता न चलने पर थाने में तहरीर दी।पुलिस ने 15 मार्च को गुमशुदगी का केस दर्ज किया। वहीं परिवार के लोग युवक की तलाश में लगे रहे। बीते मंगलवार शाम को युवक का शव जंगल के अंदर बबई नाला में जलकुंभी से दबा मिला।कपड़े और जूते से परिवार के लोगों ने मृतक की पहचान गुमशुदा शत्रोहन के रूप में की।पुलिस ने मृतक की बहन कुंती देवी की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के चचेरे भाई राम गोपाल ने बताया कि शत्रोहन कभी भी बिना बाइक के नहीं जाता था।उसे लोगों ने बुलाकर हत्या की है।हत्या रंजिश में की गई है। थानाध्यक्ष आरके पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कर्म का खुलासा हो सकेगा। दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। हालांकि मौके पर अब शांति व्यवस्था कायम है।

## प्रधानाध्यापक की पिटाई से छात्र हुआ गंभीर जख्मी

**परिजनों ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत कर कार्यवाही की किया है मांग**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय बेला मकन से चौंकाने वाला दृश्य सामने आया है। जिसमें प्रधानाध्यापक की पिटाई से एक मासूम छात्र गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। पीड़ित पिता ने प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया है ।पीड़ित पिता सुरेंद्र सिंह पुत्र हरिहर सिंह निवासी बेला मकन थाना खैरीघाट जनपद बहराइच के द्वारा खैरीघाट थाने में लिखी शिकायत दी गई कि मेरा लड़का हरीश कुमार सिंह कंपोजिट विद्यालय बेला मकन में पढ़ने गया था। विद्यालय में बच्चों ने खेल-खेल में आपसी विवाद कर लिया। जिसके चलते प्रधानाध्यापक अनिल कुमार गुप्ता ने मेरे लड़के को गंदी-गंदी गालियां देते हुए थप्पड़ व डंडों से काफी अधिक मारा पीटा तथा स्कूल से भगा दिया।मारने से मेरा लड़का गंभीर रूप से जख्मी हुआ है।छात्र को मारने से उसकी चोटे साफ प्रतीत हो रही है। बच्चों के शरीर पर गंभीर चोट देखने पर जब मैंने उससे पूछा तो उसने सब कुछ सच-सच बता दिया।इस संबंध में जब पीड़ित पिता स्कूल पहुंच कर प्रधानाध्यापक से पूछताछ किया तो प्रधानाध्यापक ने अभद्रता करते हुए काफी जान माल की धमकी दिया है। शासन की मंशा के अनुरूप सब पढ़े - सब बढ़े व खेल खेल में शिक्षा मनोविज्ञान पर आधारित शिक्षा बच्चों को दिए जाने का आदेश है।ऐसे में एक प्रधानाध्यापक एक मासूम छात्र के साथ ऐसी हैवानियत भला कैसे कर सकता है ? क्या इन्हें शासन प्रशासन का जरा भी भय नहीं।

## अयोध्या जा रही पिकअप पलटी, 13 यात्री घायल

### पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर एक्सेल टूटने से हुआ हादसा, एक बच्चा भी घायल

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, बिहार के रोहतास से अयोध्या धाम दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की पिकअप पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलट गई। हादसे में 13 लोग घायल हो गए, जिनमें एक तीन वर्षीय बच्चा भी शामिल है। घटना सुल्तानपुर जिले के जयसिंहपुर कोतवाली के बिरसिंहपुर गांव के पास हुई। पिकअप गाड़ी किलोमीटर 149.1 पर पहुंची थी।इसी दौरान गाड़ी का एक्सेल अचानक टूट गया।गाड़ी एमबीसीबी से टकराकर पलट गई। 23 वर्षीय चालक निशु कुमार समेत गाड़ी में सवार अधिकतर यात्री बिहार के रोहतास जिले के दिनारा क्षेत्र के रहने वाले हैं।घायलों में पान पाटो देवी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।



अन्य घायलों में विकास गुप्ता, रिंकी देवी, अंजू देवी, शिवानी, राजेश कुमार, मुन्नी देवी, कुमारी काजल, मोहन शाह, अनीता देवी और तीन वर्षीय शिवांशु गुप्ता शामिल हैं।गाड़ी में सवार प्रकाश कुमार और हीरालाल शाह सुरक्षित हैं। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल दोस्तपुर भेजा गया है। सूचना मिलते ही दोस्तपुर के सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडे मौके पर पहुंचे थे।

## टिकोरा चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने आर्यावर्त बैंक में परखी व्यवस्था



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बुधवार को टिकोरा चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने कांस्टेबल आशीष चौहान के साथ टिकोरा स्थित आर्यावर्त बैंक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने बैंक के पास खड़े वाहनों की जांच की। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा और खाता धारकों को धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने मौजूद खाताधारकों से कहा कि बिना किसी काम के बैंक के अंदर किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों के ऊपर नजर रखी जा रही है। आप सभी अनजान व्यक्ति से मदद कताई न लें। आप को बैंक परिसर में कोई संदिग्ध व्यक्ति लगता है तो तत्काल हमें सूचित करें।

## रंगनाथ भगवान का दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव

### सोने से बनी पुण्य कोटि में विराजमान हुए भगवान, नगर भ्रमण कर भक्तों को दिए दर्शन

अमन लेखनी समाचार

मथुरा, उत्तर भारत के दक्षिण भारतीय शैली के विशालतम रंगनाथ मंदिर का दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव वैदिक मंत्रोचार और पूजा पाठ के साथ सोमवार को शुरू हुआ।ब्रह्मोत्सव के पहले दिन सुबह के समय भगवान रंगनाथ माता गोदा (लक्ष्मी जी) के साथ सोने से बनी पुण्य कोटि में विराजमान हुए। मंदिर से शुरू हुई सवारी गाजे बाजे के साथ बड़े बगीचा पहुंची।जहां कुछ देर विश्राम करने के बाद सवारी वापस मंदिर आई। ब्रह्मोत्सव की शुरूआत से पहले भगवान रंगनाथ के सेनापति विष्वक्सेन जी का आव्हान पूजन-अर्चना किया गया।पूजन अर्चना के बाद उनको चांदी से बनी पालकी में विराजमान किया गया।इसके बाद परम्परागत वाद्य यंत्रों की ध्वनि के साथ सवारी शुरू की गई।विष्वक्सेन जी ब्रह्मोत्सव के लिए की गई



व्यवस्थाओं का जायजा लेने चांदी की पालकी में विराजमान होकर निकले। वृंदावन का रंगनाथ मंदिर उत्तर भारत में दक्षिण भारतीय शैली का सबसे विशाल मंदिर है।इस मंदिर के मुख्य भगवान श्री गोदारंगमन्नार हैं।रंगनाथ मंदिर को दिव्य देश की उपाधि मिली हुई है यानि वह देवस्थान जहां हर दिन भगवान का उत्सव हो।इन्हीं उत्सवों में प्रमुख है ब्रह्मोत्सव।जिसके बारे में कहा जाता है कि यह उत्सव स्वयं भगवान नारायण के लिए ब्रह्मा जी ने किया था।श्री रंगनाथ मंदिर में वर्षों से ब्रह्मोत्सव प्रति वर्ष होली के बाद कृष्ण पक्ष की दौज से शुरू होता है। दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव की शुरूआत प्रातः शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण की परंपरा के साथ हुई।शुभ मुहूर्त में मंदिर के पुरोहित विजय मिश्रा ने वैदिक मंत्रों के मध्य उत्सव प्रारम्भ करने के लिए मंदिर के श्री महंत गोवर्धन रंगाचार्य जी महाराज के निर्देशन में ध्वजारोहण के समय भगवान गरुड़ जी का पूजन पुजारी राजू स्वामी से कराया।

## संक्षेप

### पिस्टल लेकर बनाई रील, पुलिस ने लिया एक्शन

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, एक युवक ने हाथ में पिस्टल लेकर रील बनाई। इस रील के वायरल होने के बाद थाना सेक्टर 49 की पुलिस ने एक्शन लेते हुए कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में चालान कर गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो से फोटो लेकर कुछ लोगों ने मामले में जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वीडियो में एक युवक हाथ में पिस्टल लिए हुए है। उसके पास में एक और युवक भी बैठा हुआ है। वीडियो गांव होशियारपुर का बताया जा रहा। थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वीडियो करीब पांच साल पुराना है। इस मामले में पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। अब दोबारा फोटो और वीडियो वायरल होने पर गांव होशियारपुर निवासी गगन यादव को गिरफ्तार कर लिया। उसका शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

### पति ने पत्नी को पेट्रोल डालकर जलाया

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, थाना लोनी क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी को पेट्रोल डालकर जला दिया। पीड़िता को पहले लोनी अस्पताल ले जाया गया। बाद में स्थिति गंभीर होने पर दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। 25 वर्षीय पीड़िता 45 प्रतिशत जल गई है। आरोपी पति आरिफ पानीपत में इमाम है और वहां पढ़ाता है। पुलिस जांच में सामने आया कि पीड़िता को अपने पति की दूसरी शादी का पता चला था। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। पत्नी ने दूसरी शादी का विरोध किया, जिसके बाद पति ने यह घटना को अंजाम दिया। पीड़िता लोनी क्षेत्र में रहती है, जबकि आरोपी पति पानीपत में रहता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का इलाज जीटीबी अस्पताल में जारी है।

### तेज बाइक चलाने को लेकर विवाद

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, अनूपशहर थाना क्षेत्र के मलकपुर गांव में एक युवक से तेज मोटरसाइकिल चलाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। देवीसरन के पुत्र कोमल मलकपुर बाजार से चीनी खरीदकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में भूपेंद्र पुत्र डालचंद, राहुल पुत्र वीरपाल और सीमा पुत्री कुमेंद्र खड़े थे। भूपेंद्र ने कोमल की बाइक रुकवाकर तेज बाइक चलाने की बात कहते हुए गालियां देना शुरू कर दिया। कोमल के मना करने पर भूपेंद्र ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर कोमल के पिता देवीसरन भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने मिलकर पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

# श्री राम जानकी मंदिर का 185 वां स्थापना दिवस मनाया गया, विधायक रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनापद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे में श्री राम जानकी मंदिर का 185 ? वां स्थापना दिवस मनाया गया इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें मौजूद क्षेत्रीय विधायक जयकुमार सिंह ने अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंदिरों के लिए वरीयता दी जा रही है ताकि सनातन धर्म के लोग मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर सकें। नगर के नाजाही बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर में बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे से मंदिर का 185वां स्थापना दिवस मनाया गया इस मौके पर क्षेत्र के विधायक जयकुमार सिंह जी की परिचय और अपने हाथों से प्रसाद का वितरण किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के चलते मंदिरों को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि सनातन धर्म के लोग अपनी आस्था को ध्यान में रखते हुए पूजा अर्चना कर सकें इस मौके पर श्री राम जानकी मंदिर के महंत एवं सर्वराकार श्री श्री 1008 स्वामी उदय दास ने कहा कि मंदिर के स्थापना दिवस के मौके पर विशाल भंडार एक आयोजन किया गया है इस मौके पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष राधा साहू अध्यक्ष पति राम कुमार साहू के अलावा कर्मेंद्र सिंह नीलम सिंह भदोरिया गार्गी सिंह शुभम सिंह परिहार प्रमोद सिंह परिहार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जगह-जगह मनाया गया होली मिलन समारोह



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। सर्वसमभाव ,एकता, और समरसता के भाव के साथ उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के समस्त पदाधिकारीगण ने व्यापारी बंधुओं से उनके प्रतिष्ठानों में जाकर पुष्प वर्षा कर और अबीर गुलाल लगाते होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया।प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी और जिलाध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व मे जीटी रोड से चौक, कोतवाली रोड, ज्वालागंज के व्यापारियों के पास जाकर समस्त पदाधिकारियों ने समस्त व्यापारियों को होली पर्व की शुभकामना दी ।कृष्ण कुमार तिवारी ने जिले के समस्त व्यापारियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते कहा कि अपने व्यापारी बंधुओं के साथ ऐसे समारोहों के आयोजन से जुड़ाव और स्नेह बढ़ता है, व्यापारी व्यस्त होने के कारण चाहते हुए भी ऐसे कार्यक्रमों मे शामिल नहीं हो पाता इसलिए हम सभी ने मिलकर यह निर्णय लिया कि व्यापारी भाइयों के पास जाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं देते होली मिलन किया जाऐंजिलाध्यक्ष मनोज साहू ने समस्त व्यापारियों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि व्यापारी भाइयों के पास जाकर होली मिलन का उद्देश्य व्यापारी बंधुओं की एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना है ।इस मौके पर श्रवण दीक्षित (सह सचिव) प्रेमदत्त उमराव (उपाध्यक्ष) संदीप श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष) प्रशांत सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# खड़े कंटेनर से ऑटो टकराया

**एक की मौत, दो घायल; अनुज ने अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, इकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। रविवार की रात सड़क किनारे खड़े कंटेनर से एक ऑटो की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोगों में से एक की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा के अनुसार, सलेमपुर गुर्जर गांव के तीन युवक अनुज, दीपक और




अरुण ऑटो में करीब 10 जानवरों को लेकर जा रहे थे। सिरसा की तरफ जाते समय उनका ऑटो सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अनुज की मौत हो गई। अन्य दो घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। पीड़ित पक्ष से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कस्बे में स्कूली बस में टकरार कर एक युवक की मौत, दो गम्भीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिन्दकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के कोतवाली बिंदकी के कुँवर पुर रॉड स्थित कुंज बिहारी स्कूल के समीप खड़ी बस में एक ही बाइक में सवार तीन युवक टकरा गए जिससे मौके पर एक कि मौत हो गयी और दो गम्भीर रूप घायल ही गए दोनों घायलों को इलाज के लिये समुदायिक स्वथ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सक ने दोनों को देखकर जिलाअस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र कुँवर पुर रोड स्थित बुधवार की सुबह फिरोजपुर मोड़ पर एक ही बाइक में तीन युवक सवार थे। और खड़ी बस से टकराने के बाद बाइक बस के अगले हिस्से के नीचे आ गई। हादसे में 25 वर्षीय अरमान रजा पुत्र शहजादे निवासी घोसियाना, फतेहपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही 18 वर्षीय अयान पुत्र पुत्तू निवासी ज्वालागंज और 19 वर्षीय मेराज पुत्र इयाज निवासी अरबपुर के रूप में हुई है। तीनों फतेहपुर से बिंदकी की ओर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार से बाइक स्कूल बस में टकरा गई जिसमें अरमान रजा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी और दो गम्भीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना होते ही मौके पर भारी भी लग गई दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया दोनों की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा।

# महिला से छेड़छाड़ का मामला

**परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की**

अमन लेखनी समाचार

बडौत, फुलैरा गांव में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति प्रमोद ने बताया कि दुलहेड़ी के दिन उनकी पत्नी अनिता जब घर से पशुओं को चारा डालने जा रही थी, तब गांव के ही चार युवकों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट भी की। महिला के शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके बाद परिजन धोली प्याऊ चौकी पहुंचे और आरोपियों के




खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं। वे फैसले का दबाव बना रहे हैं। फोन पर गाली-गलौज कर रहे हैं। साथ ही घर आकर फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित परिवार चांदीनगर थाने पहुंचा। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। एसएसआई रजनीश कुमार ने पीड़ित परिवार की शिकायत सुनी और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

# बिसाहड़ा की बेटी ने रचा इतिहास

**अरिंदम सिसोदिया बनीं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों से किया स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, दादरी क्षेत्र के बिसाहड़ा गांव को अपनी बेटी पर गर्व है। गांव की बेटी अरिंदम सिसोदिया ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर इतिहास रच दिया है। गांव में लौटने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।

जिला पंचायत सदस्य मनोज सिसोदिया और ग्राम प्रधान नरेंद्र फौजी समेत गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया।

अरिंदम के पिता अभय प्रताप सिसोदिया पूर्व वायु सैनिक हैं। वर्तमान में वे जयपुर मेट्रो में कार्यरत हैं। उनकी मां इंदु सिसोदिया गृहिणी हैं। परिवार में शिक्षा को विशेष महत्व दिया जाता है। अरिंदम की बहन मानसी सिसोदिया पीएचडी कर रही हैं। परिवार की एक अन्य सदस्य कविता सिसोदिया बिसाहड़ा में कोचिंग संचालित कर युवाओं का मार्गदर्शन कर रही हैं। परिवार के स्वर्गीय सदस्य एमके सिसोदिया एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता थे। उन्होंने समाज में न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित किया। अरिंदम की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

# विकास चौहान दूसरी बार बने भाजपा जिलाध्यक्ष

**50 दावेदारों को पछाड़ कर मारी बाजी, दो विधायकों की विरोध रणनीति नाकाम**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, जिला भाजपा अध्यक्ष पद के लिए लगी लंबी दौड़ दोपहर 2 बजे खत्म हो गई। भाजपा के 50 शूरवीरों पर बुलंदशहर के विकास चौहान भारी पड़ गए। इन दिग्गजों की एक नहीं चली और दोबारा जिला भाजपा की कमान विकास चौहान को सौंप दी गई। विकास चौहान के साथ रेस लगाने वालों में दो पूर्व विधायक से लेकर पूर्व चेयरमैन और आईएमए के पूर्व अध्यक्ष तक शामिल थे। रेस लगा रहे इन दिग्गजों को जिले के दो विधायकों का भी पर्दे के पीछे से बखूबी साथ मिल रहा था, लेकिन विकास चौहान की रणनीति के आगे इन सभी की राजनीति धरी रह गई। जिला भाजपा में अब अंदर ही अंदर राजनीति तेज हो गई है। हालांकि पार्टी हाईकमान के सख्त रुख को देखते हुए कोई खुलकर तो नहीं बोल रहा है, लेकिन ऑफ द रिकॉर्ड काफी चचाएं चल रही हैं। जिले के एक विधायक अपने समर्थक के लिए संगठन महामंत्री के दरबार मे पहुंचे। विधायक जी को अपने समर्थक को जिलाध्यक्ष बनवाने से ज्यादा चिंता इस बात की थी कि कहीं विकास चौहान को दोबारा कुर्सी न मिल जाए। विधायक जी ने जैसे ही संगठन महामंत्री के यहां विकास चौहान की काट करनी चाही तो संगठन महामंत्री ने कहा कि फिर विकास चौहान को कहां एडजस्ट करेंगे। विकास चौहान ने आपकी विधानसभा से टिकट की दावेदारी कर दी तो उस समय बड़ी गंभीर परिस्थिति हो जाएगी। अपनी कुर्सी डिगमिगाता देख विधायक जी को पसीना छूट गया और वह वहां से उल्टे पांव लौट गए। भाजपा जिलाध्यक्ष पद की रेस में पूर्व विधायक अनिता लोधी राजपूत, पूर्व विधायक विमला सोलंकी, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ संजीव अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन हितेश गर्ग, संजय गुर्जर, संजय चौधरी समेत 50 से ज्यादा दिग्गज थे। इसके अलावा दो विधायक भी विकास चौहान की घेराबंदी कर रहे थे। भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष विकास चौहान को एक वर्ष पहले ही जिले की कमान सौंपी गई थी। वह भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के काफी करीबी हैं। उन्होंने भाजपा की छात्र इकाई एवीबीपी से अपनी राजनीति की शुरूआत की। इसके अलावा वह जिला भाजपा महासचिव और उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# पत्नी को जलाने वाले पति पर मुकदमा

## पत्नी बोली पति धंधा करने का दबाव डालता है

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, पति द्वारा पत्नी को जिंदा जलाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को पूरे मामले में तहरीर दी है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है वहीं महिला ने पति पर धंधा करवाने का आरोप लगाया। महिला का आरोप है कि पति उससे शराब के लिए पैसा मांगता है। पैसे नहीं देने पर वो मुझसे धंधा कराने की धमकी देता है। मेरठ कंकरखेड़ा थाने के अमोलिक कालोनी में एक मकान में आग लगी थी। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। पूरे मामले में निधि नामक महिला ने बताया कि ये उसका मकान है। 10 साल पहले उसकी शादी भूपेंद्र से हुई थी। भूपेंद्र ने रविवार को महिला को कमरे में बंद कर मकान में आग लगा दी। किसी तरह महिला ने वहां से बचकर अपनी जान बचाई। महिला का पति भूपेंद्र मकान में आग लगाने के बाद से फरार है। उसने पत्नी को जिंदा जलाकर मारने का प्रयास किया था। किसी तरह महिला ने अपनी जान बचाई। महिला ने पुलिस को तहरीर में बताया कि पति शराबी है और बार-बार पैसे मांगता है। पहले भी वो मुझे और हमारी दोनों बेटियों को जान से मारने की धमकी दे चुका है। जलाने का प्रयास कर चुका है।

# शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान

**खुले में पी जा रही थी शराब, पुलिस ने 536 लोगों को किया गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष तीन घंटे के अभियान में 536 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को



परेशान कर रहे हैं। इन शिकायतों के बाद पुलिस ने शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 215 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें विजयनगर से 62, नंदग्राम से 37, घंटाघर से 33, मधुबन बापूधाम से 31, सिहानी गेट से 26 और कवि नगर से 26 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 188 लोगों पर कार्रवाई हुई। मुरादनगर में सबसे ज्यादा 32 लोग पकड़े गए। क्रॉसिंग रिपब्लिक से 29, ट्रॉनिका सिटी से 26, मसूरी से 22, लोनी से 19, मोदीनगर से 16, भोजपुर से 13, अंकुर विहार से 12, लोनी बॉर्डर से 11, निवाड़ी से 5 और वेव सिटी से 3 लोगों को पकड़ा गया।

# तांत्रिक क्रिया का विरोध करने पर हमला

**फरसा, हथौड़े और भाले से परिवार पर हमला, तीन लोग घायल; दो आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, रोरी गांव में तांत्रिक क्रिया को लेकर एक परिवार पर जानलेवा हमला हुआ है। घटना देर रात की है। पड़ोसी भिखारी सिंह का परिवार मिर्चों की धूनी लेकर चरणजीत शर्मा के घर में घुस गया। चरणजीत ने जब इसका विरोध किया तो भिखारी और उसके तीन बेटे अमित, सचिन और कुलदीप हथियार लेकर घर में घुस आए। आरोपियों ने चरणजीत, उनकी पत्नी आरती शर्मा और पुत्री आयूषी पर फरसा, हथौड़ा और भाले से हमला कर दिया। हमलावरों ने पीड़ित परिवार को घर से बाहर घसीटा और बुरी तरह पीटा। उन्होंने चरणजीत के परिवार के सिर और चेहरे पर धारदार हथियारों से वार किए। बचाव में आए अन्य परिजनों को भी नहीं बख्शा गया। ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, चरणजीत की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने भिखारी और अमित को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों पर बीएनएस के तहत मारपीट, खतरनाक हथियारों से चोट पहुंचाने और गंभीर चोट पहुंचाने की धाराएं लगाई गई हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 7 दरोगा के हाथ-पैर तुड़वाकर गड्ढे में डलवाया तब जाकर यहां पहुंचा : मंत्री निषाद

## DM-SP न सुने तो सीएम को कॉल कर देता था



मंत्री से शिकायत करने पहुची महिला



**अमन लेखनी समाचार**

सुलतनपुर पहुचे योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा- 7 दरोगा के हाथ-पैर तुड़वाकर गड्ढे में डलवाया। तब जाकर यहां पहुंचा हूं। किसी के PA से नहीं, बल्कि सीधे डीएम-एसपी को कॉल करता हूं। 5 मिनट में रिप्लाई नहीं आया तो मुख्यमंत्री के पास शिकायत करता हूं।संजय निषाद मंगलवार को संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा को लेकर सुल्तानपुर के लंभुआ पहुंचे थे। मंच से जनसभा को संबोधित कर रहे थे, तभी समोखपुर गांव की राघनी प्रधान ने 3-4 महिलाओं के साथ मंत्री से मुलाकात की। राघनी ने मंत्री से कहा- मेरे पति मारपीट के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार को उनका LLB लॉस्ट ईयर का पेपर है। मैंने परीक्षा के लिए पति को जेल से छोड़ने की मांग की, लेकिन पुलिस उन्हें नहीं छोड़ रही है। इसके बाद मंत्री ने यह बयान दिया।

### मंत्री से शिकायत करने वाली महिला राघनी प्रधान

इसके बाद सीओ कादीपुर विनय गौतम के आदेश पर आरोपियों पर हत्या और SC/STएक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने कृष्ण कुमार और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।इसके बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। कृष्ण कुमार की पत्नी राघनी ने पति को परीक्षा के लिए जेल से छोड़ने की अनुमति को लेकर सोमवार को एससी-एसटी कोर्ट में याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### महिला ने मामले को लेकर मंत्री से की शिकायत

होली की रात सराय समोखपुर गांव के कृष्ण कुमार ने शराब पीकर अपने भाइयों के साथ मिलकर गांव के ही सिकंदर के घर पर हमला बोल दिया। आरोप है कि उन्हें लाठियों से पीटा। इसमें सिकंदर पक्ष से सोनारा देवी, उजागिर, सिकंदर समेत 10 लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची। घायलों को CHC भेजा गया। यहां डॉक्टरों ने प्राइमरी इलाज के बाद सोनारा देवी को अम्बेडकरनगर के टांडा अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बोलना आपका अधिकार है, संविधान से देश चलता है

मुझे सब मालूम है कि कौन फर्जी फंसा रहा है। उसे मैं खत्म करा दूंगा। मैं महिलाओं के लिए और गरीबों के लिए पैदा हुआ हूं। मैं सड़क पर आप लोगों के लिए आया हूं। यहां तक ऐसे ही नहीं पहुंचा। 7 दरोगा के हाथ-पैर तुड़वाकर गड्ढे में फेंकवा दिया। तब जाकर डॉक्टर संजय यहां पहुंचा।

कोई भी घटना होने पर आप लोग तुरंत नहीं बताते हैं, बल्कि जेल जाने के बाद हमें सूचना मिलती है। आप लोगों की कमी है। मेरा मोबाइल नंबर सबके पास है। नहीं है तो नेट से निकाल लीजिए। खाली यह लिखकर भेज दो कि मेरे साथ अन्याय हो रहा है। मैं किसी के पीए से नहीं, बल्कि सीधे डीएम-एसपी को कॉल करता हूं। पांच मिनट में रिप्लाई नहीं आया तो मुख्यमंत्री के पास शिकायत करता है

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर हमीरपुर द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**




हमीरपुर ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर हमीरपुर द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्व प्रथम इस कार्यक्रम में फाग टोली द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ फाग गीत प्रस्तुत किए गए और जिले के प्रसिद्ध कवियों द्वारा सुंदर काव्य पाठ किए गए जिसे लोगों ने खूब सराहा ! राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक श्री भवानी जी का उद्बोधन हुआ उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है इस मौके पर संघ ने पांच परिवर्तन का संदेश समाज के सामने रखा जिसमें स्वदेशी अर्थात स्व का बोध बढ़ाना, नागरिक कर्तव्यों का जिम्मेदारी से पालन करना, पर्यावरण को संरक्षित करना, प्रदूषित होने से बचाना एवं अधिक पेड़ पौधे लगाना और समाज में जाति वर्ग उच्च - नीच के भेदभाव को बुलाकर मिटाकर समरसता का माहौल तैयार करना एवं वर्तमान के परिदृश्य में परिवारों को संस्कारी बना कर रखना उनको संयुक्त रखना अर्थात कुटुंब प्रबोधन करना जैसे कार्यों को दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाते हुए संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिए इन विषयों को आगे किया है इस अवसर पर जिला संघ चालक शारदा दीन, जिला प्रचारक धनंजय जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करते हुए समाज में समरसता लाने पर विशेष बल दिया इस आयोजन को सफल बनाने में व्यवस्था प्रमुख उमेश दीक्षित सहित सभी स्वयंसेवकों ने अपनी अपनी सहभागिता दर्ज कराई इस मौके पर नगर संघचालक आनंद जी विभाग प्रचार प्रमुख राजेश जी नगर कार्यवाह विनम्र, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे काव्य पाठ पढ़ते हुए हास्य कवि दिनेश दुबे, प्रसिद्ध कवि नाथूराम पथिक, सुरेंद्र तिवारी, सुरेश भदोरिया, रसिक जी ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया कार्यक्रम के समापन में लोगों ने फूलों की होली के साथ एक दूसरे को बधाई दी।

# गर्मी के मौसम में हीट वेव (लू) से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी गर्मी के मौसम में तापमान सामान्य से अधिक होने व हीट वेव से बचाव के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा जनसामान्य के लिए क्या करें व क्या न करें सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। ऐसे में गर्मियों की शुरूआत होने पर कुछ आवश्यक बातों का ध्यान रखकर हीट वेव से होने वाली परेशानियों से आसानी से बचाव किया जा सकता है।

### 8 से 10 गिलास पानी पियें, हल्के और ढीले सूती रंग के कपड़े पहने

क्या करें हीट वेव से बचाव हेतु शरीर को हाइड्रेड रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में 8 से 10 गिलास पानी पियें, हल्के और ढीले सूती रंग के कपड़े पहने, आवश्यक कार्य न होने पर दोपहर के समय 12 से 3 बजे तक में बाहर जाने से बचें, घर से बाहर कार्य करने की स्थिति में तेज धूप में निकलने से पहले सिर पर छाता, टोपी, गमछे, सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें तथा ठंडी व छायादार जगह पर रहे एवं पंखे, कूलर इत्यादि का इस्तेमाल कर घर को ठंडा व हवादार बनाये रखें तथा ताजे फल-तरबूज, खीरा, संतरा, स्ट्राबेरी, हरी सब्जियॉ-टमाटर, लौकी, दही, आम का पना, लस्सी, छाछ व ठंडे पेय पदार्थो एवं संतुलित आहार का सेवन करें।

### क्या करें क्या न करें

गर्मी के दिनों में ज्यादा देर तक तेज व सीधी धूप में रहने से बचें, बासी और बाहर के खाने, तली-भुनी व मसालेदार चीजों का परहेज करें, बहुत ठंडे पानी से नहाने से बचें तथा शराब और कैफीन युक्त चाय, कॉफी इत्यादि चीज से दूरी

## अमेठी टीवीएस शोरूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**50 लाख की मोटरसाइकिल जलीं, पड़ोस की दुकान भी प्रभावित**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी के बाजार स्कूल थाना में बुधवार को राम बक्स ऑटो सेल्स टीवीएस शोरूम में सुबह 7:30 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। शोरूम के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित सत्य साई ट्रेडर्स की दुकान भी आग की चपेट में आ गई। दोनों तल पूरी तरह जल राखफायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। टीवीएस शोरूम के मालिक जगदीश पाल के अनुसार, आग से 50 लाख रुपए से अधिक की मोटरसाइकिल जलकर नष्ट हो गईं। इस घटना से उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

## व्यापारी बन्धुओं के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ने की गोष्ठी

**अमन लेखनी समाचार**




अमेठी पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ मीटिंग की गयी, जिसमें जनपद अमेठी के व्यापारी बन्धु उपस्थित हुए ।मीटिंग में व्यापारी बन्धुओं को *ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरुक कराते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया ।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र मौजूद रहे ।

# स्पीड ब्रेकर से बाइक अनियंत्रित, महिला गिरी, दर्दनाक मौत

## देवर के साथ मायके जा रही थी, खौपुर गांव के पास हुआ हादसा

**अमन लेखनी समाचार**



अमठी के जगदीशपुर के थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक क्षेत्र में एक स्पीड ब्रेकर ने महिला की जान ले ली। खौपुर गांव के निकट सड़क पर बने बिना संकेतक वाले स्पीड ब्रेकर से बाइक असंतुलित होने से 40 वर्षीय राजकुमारी की मौत हो गई

घटना उस समय हुई जब राजकुमारी अपने देवर नरेंद्र कुमार के साथ बाइक पर मायके जा रही थीं। स्पीड ब्रेकर से बाइक असंतुलित होने पर राजकुमारी गिर गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### स्थानीय लोगों का कहना है

इस स्पीड ब्रेकर से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से इस स्पीड ब्रेकर को सही करने या हटाने की मांग की है। थाना प्रभारी तनुज कुमार ने कहा कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ब्रेकर पर संकेतक लगाने की मांग

नागरिकों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की मांग की है। उनका कहना है कि सही जगहों पर संकेतक लगाए जाएं और अनियोजित स्पीड ब्रेकरों को हटाया जाए।

## कार में तोड़फोड़ कर आग लगा देने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। गाली गलौज करने से मना करने पर कार को तोड़फोड़ कर पेट्रोल डालकर आग लगा देने की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के वार्ड 16 विवेकानंद नगर निवासी राममूरत तिवारी ने बताया कि गत 15 मार्च को समय करीब 11 बजे रात में उसके दरवाजे पर मोहित ठाकुर, मयंक ठाकुर, राज ठाकुर, बेटू उर्फ शिवम गुप्ता अकारण गाली गलौज कर रहे थे। गाली देने का विरोध करने पर कार में डण्डे से तोड़ फोड़ की और पेट्रोल डालकर आग लगा दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक जिलाबदर आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# शाखा में ग्राहकों को मिलेगी बेहतर सुविधाः अमित कुमार

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। सौम्य व्यवहार से ही विवेक की उत्पत्ति होती है। धन कमा लेना आसान है लेकिन उसे संग्रहित रखना कठिन ।इस दोहे को मवई शाखा के शाखा प्रबंधक अमित कुमार कर रहे चरितार्थ अर्थात अमित कुमार अपने सौम्य व्यवहार की वजह से शाखा के अंतर्गत आने वाले लाखों खाता धारकों के दिलों में राज कर रहे हैं। माल ब्लॉक के अंतर्गत मवई में स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक अमित कुमार सरल एवं सौम्य व्यवहार के व्यक्ति हैं,शाखा प्रबंधक की खूबी यह है कि पीड़ित जब चाहे जैसे चाहे शाखा प्रबंधक से मिल कर अपना दर्द बयां कर सकता है ।खाता धारकों के दर्द को गंभीरता सुन कर अमित कुमार तत्पर्यता से समस्या का समाधान भी करते हैं ।पीड़ित की हर संभव मदद करते हैं,जिससे शाखा प्रबंधक अमित कुमार शाखा के अंतर्गत आने वाले खाता धारकों के दिलों में धीरे धीरे राज करने लगे हैं।

टीम से खास बातचीत में शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने कहा कि बैंक के लिए हर ग्राहक समान है। उन्होंने कहा कि सभी को एक जैसी सुविधाएं और योजनाएं मिलेंगी। साथ अमित कुमार ने बैंक से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। और यह भी कहा कि ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास करूंगा। शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने स्टाफ को भी समय समय पर ग्राहकों के साथ अच्छे संबंध व नम्रता से पेश आने की हिदायत देते रहते हैं।

# बांदा मार्ग के रेलवे गेट की सड़क हुई ध्वस्त, फंस रहे हैं वाहन

### पटरियों के पास हो गए है बड़े बड़े खांचे

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के बांदा रोड में बनी रेलवे गेट की दोनों तरफ की सड़क की दुर्दशा से वाहन चालक परेशान है। बड़े-बड़े गड्ढे होने से समस्या विकराल होती जा रही है। आए दिन छोटे वाहन, रिक्शा आदि फंसकर पलट जा रहे हैं। जिससे सवारियां चोटिल हो रही हैं। एक माह पूर्व सड़क का काम होने के लिए सूचना गेट पर चस्पा की गई थी। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी सड़क का काम नहीं शुरू हुआ है।

सुमेरपुर कस्बे से बांदा स्टेट हाईवे पर रेलवे का गेट संख्या 31 है ।इस गेट के दोनों तरफ करीब 100-100 मीटर सड़क पूरी तरह से ध्वस्त है। साथ ही पटरियों के बीच की सड़क में बड़े-बड़े खांचे हो गए हैं। जिससे दुपहिया, ई-रिक्शा, ऑटो आदि आए दिन सड़क खराब होने से पटरियों में फंस जा रहे हैं और संतुलन बिगड़ने से पलट भी जा रहे हैं। जिससे इनमें सवार लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं। लेकिन रेलवे अधिकारी व कर्मचारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। बता दे कि पिछले 19 फरवरी को इस सड़क को ठीक करने के लिए रेलवे गेट पर सूचना चस्पा की गई थी। लेकिन महाकुंभ के आखिरी पर्व महाशिवरात्रि के होने के कारण इस कार्य को रोक दिया गया था। लेकिन महाकुंभ समाप्त होने के बाद अभी भी इस पर कार्य शुरू नहीं हुआ। जिससे वाहन चालकों में खासी नाराजगी है। दुपहिया चालक रामप्रकाश, शिवकुमार, ई रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष धीरू यादव, गुड्डू गुप्ता, रामचंद्र आदि ने बताया कि पटरियों के बीच में सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। जिससे ई-रिक्शा अक्सर पलट जा रहे हैं। जिससे सवारियां चोटिल हो रही हैं। वह कई बार सड़क बनवाने के लिए रेलवे के अधिकारियों से मांग कर चुके है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। घाटमपुर वरिष्ठ खंड अभियंता रेल पथ हरिशंकर साहू ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं। दो तीन दिन बाद काम शुरू हो जाएगा।

# युवक ने पड़ोसी को गाली गलौज कर जान से मारने की दी धमकी

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के बड़ा कछार निवासी एक युवक ने पड़ोसी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर पत्थर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सुरौली बुजुर्ग के मजरा बड़ा कछार निवासी जागेश्वर साहू ने तहरीर देकर बताया कि गत 13 मार्च को रात 11 बजे जब वह घर में सो रहा था। तभी उसका पड़ोसी जीतेन्द्र सिंह पुत्र रामस्वरुप सिंह दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगा। मना करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुये पत्थर उठाकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीडित का डाक्टरी परीक्षण करवाकर मुकदमा दर्ज किया है।

## अवैध रुप से गांजा बेचने का वीडियो वायरल होने पर गांजा सहित एक गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। अवैध रूप से गांजा बेचते युवक का वीडियो वायरल होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तपोभूमि तिराहे के पास से उसे अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल अवैध गाँजा बेचने वाले व्यक्ति की तलाश में मुखबिर की सूचना पर तपोभूमि तिराहे के पास से महेश्वरीदीन निवासी ग्राम सौंखर को गिरफ्तार कर 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है।

# बैसडा गांव में अग्निकांड की घटना का जिला प्रशासन ने लिया तत्काल संज्ञान

## जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों को तत्काल उपलब्ध कराई गई खाद्यान्न सामग्री

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जनपद अमेठी के ग्राम बैसड़ा मजरे राम दत्त का पुरवा तहसील अमेठी में अज्ञात कारणों से हुई अग्निकांड की घटना का जिला प्रशासन द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया। मौके पर तहसीलदार अमेठी, राजस्व टीम व फायर ब्रिगेड के साथ स्थल पर उपस्थित रहकर अग्निकांड पर काबू पाया गया। उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि तहसील अमेठी के ग्राम बैसड़ा मजरे राम दत्त के पुरवा में अग्निकांड की घटना की जानकारी होने के उपरांत तत्काल मौके पर तहसीलदार अमेठी, राजस्व की टीम व फायर ब्रिगेड को भेज कर अग्निकांड पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उपरोक्त गांव के अनुसूचित जाति के 18 परिवारों के रिहायसी छप्पर युक्त मकान व गृहस्थी जलकर नष्ट हो गए हैं। इस घटना में किसी मनुष्य व पशु की हानि नहीं हुई है। अग्निकांड में पीड़ित परिवारों को तत्काल खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराई गई है। पीड़ित व्यक्तियों को गृह अनुदान व अहैतुक सहायता दिए जाने की कार्यवाही अलग से की जा रही है।

## सांसद पर अभद्र टिप्पणी पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर पुलिस ने पार्टी के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रामबाबू ने तहरीर देते हुए बताया था कि गत 11 मार्च को कुंडौरा निवासी गोली ठाकुर हालमुकाम ऊंछा थोक सुमेरपुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वायरल किया है। इससे पार्टी व भीम आर्मी में खासा आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने जिलाध्यक्ष की तहरीर पर धारा 352, 68, 3(1)(ध) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपी भूमिगत हो गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार किसान दिवस का हुआ आयोजन

## किसानों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई। किसान दिवस में किसानों ने ढीले तारों की समस्या उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि सर्वे करा कर ढीले तारों को सही कराने का कार्य किया जाए, मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ब्लॉकों में एक रजिस्टर बनाया जाए तथा एक टोल फ्री नंबर जारी करें जिससे किसान भाई ढीले तारों तथा अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं को बता सके जिससे उनकी समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा सके।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
**मो. – 9838159555, 9935457982**
**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

लाइफ Style



# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

हॉलीवुड मसाला



## गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।



## अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



## तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



## करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

टीवी मसाला




## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जातनी हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।



## रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।

***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

## पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल

## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।



### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*



**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी।

*__प्रोडक्शन हाउस :__ शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

*__उपलब्धियां :__ 2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*